दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 37 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम साय के सुशासन से बदला सुकमा, नक्सलवाद की छाया से निकलकर विकास की राह पर बस्तर

पवन शाहा/सुकमा

सुरक्षा, विकास और जनभागीदारी की संयुक्त रणनीति के साथ सुकमा अब नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। जहां कभी नक्सलवाद की चर्चा होती थी, वहीं अब सड़क, स्कूल, आवास, आजीविका और पर्यटन विकास की नई पहचान बनते जा रहे हैं। 31 मार्च 2026 की तय डेडलाइन के साथ सुकमा यह संदेश दे रहा है कि संघर्ष की जमीन पर भी विकास की मजबूत इमारत खड़ी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नव प्रदेश विशेष

छात्रावास-आश्रम में बड़ा बदलाव

93	57	12,860	13,740
बालक छात्रावास /आश्रम	बालिका छात्रावास /आश्रम	कुल स्वीकृत सीटें	अध्ययनरत विद्यार्थी
		7,532 बालक	6,208 बालिकाएं

सुकमा में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2023-24 में 3,10,705 ओपीडी और 37,847 आईपीडी, 2024-25 में 3,15,372 ओपीडी और 40,074 आईपीडी, जबकि 2025-26 में 3,18,360 ओपीडी और 33,098 आईपीडी दर्ज किए गए। जिले में 1 जिला अस्पताल, 95 उप स्वास्थ्य केंद्र, 15 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। कुल 996 स्वीकृत पदों में 764 स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत हैं, जबकि 232 पद रिक्त हैं। जिले में प्रतिवर्ष 5687 संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। 53 एनक्यूएएस केंद्रों में से 14 क्वालिफाइड हैं तथा दूरस्थ क्षेत्रों में 7 बाइक एंबुलेंस संचालित हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 2,48,831 लक्ष्य के विरुद्ध 1,96,903 कार्ड (79.35 प्रतिशत) बनाए गए हैं। वहीं जननी सुरक्षा योजना में 5410 प्रसव दर्ज हुए, जिनमें से 4417 हितग्राहियों (82 प्रतिशत) को भुगतान किया जा चुका है, जबकि 993 प्रकरण प्रक्रिया में हैं।

सुकमा तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हमारा लक्ष्य है कि दूरस्थ गांवों तक शासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। सुरक्षा के साथ विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि तय समय-सीमा में परिणाम दिखें।

- अमित कुमार, कलेक्टर, सुकमा

वन आधारित आजीविका और पर्यटन को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। तेंदूपत्ता का ऑनलाइन भुगतान और तुंगल डैम इको-टूरिज्म जैसे प्रयास स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहे हैं।

- अक्षय भोसले, वनमंडलाधिकारी, सुकमा

दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट, बाइक एंबुलेंस और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जिले का कोई भी नागरिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे।

- डॉ. आर.के. सिंह, सीएमएचओ, सुकमा

आज बेबाक

रूस तीन साल से यूक्रेन से लड़ रहा है लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात। अब खुद को दुनिया का सबसे बड़ा दादा समझने वाला अमेरिका इजराइल की मदद से ईरान से जंग जारी रखे हुए है। फिर भी डान डोनाल्ड ट्रंप के आगे ईरान नहीं झुक रहा है और गा रहा है - छोटा बच्चा समझ के न हमको आंख दिखाना रे... टूपी.. टूपी... ट्रंप.. ट्रंप...। सच तो यह है कि बेटे वाकई बाप से बढ़ के साबित हो रहे हैं। तभी तो कहते हैं - बिना विचारे जो करे वो पाछे पछताए, काम बिगाड़े आपनो जग में होत हंसाय।

पश्चिम बंगाल में ईडी की 10 जगहों पर रेड

कोलकाता/ए.। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बंगाल में सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है. पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही जहां राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, वहीं जांच एजेंसियों की ओर से छापेमारी भी शुरू कर दी गई है। ईडी ने एक कथित अवैध कॉल सेंटर संचालन से संबंधित मामले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने बताया कि पीएमएलए मामले से जुड़े एक मामले में एजेंसी एक साथ कई जगहों पर छापेमारी कर रही है।

अफीम की खेती करने वाले दो गिरफ्तार

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर के कुसमी और कोरंधा में अफीम की खेती पकड़ाने के मामले में पुलिस ने झारखंड के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों अफीम की खेती कराने में शामिल थे। ये झारखंड के कुख्यात पिंटू दांगी गिरोह के सदस्य बताए गए हैं। पुलिस ने त्रिपुरी और तुर्रीपानी से 6 करोड़ 75 लाख रुपए की अफीम की खेती, अफीम और बड़ी मात्रा में डोडा बरामद किया था। दरअसल, कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी में पुलिस ने 3.67 एकड़ और कोरंधा थाना क्षेत्र के तुर्रीपानी में करीब ढाई एकड़ में लगी अफीम की फसल पकड़ी थी।

विधानसभा सत्र: हॉस्टल में नहीं रहती तीनों स्टूडेंट: शिक्षामंत्री, भूपेश बोले- चर्चा से भाग रही सरकार

छात्राओं के गर्भवती मामले पर हंगामा विपक्ष ने किया सदन का बहिष्कार

■ **स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य होने पर विपक्ष नाराज, कार्रवाई की मांग पर अड़ा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान बीजापुर जिला के गंगालूर में संचालित पोर्टा केबिन में छात्राओं के गर्भवती होने के मामले में विपक्ष स्थगन लाया। सत्तापक्ष के जवाब से और स्थगन की सूचना के अस्वीकृत होने पर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंगालूर पोटा केबिन का मामला उठाते हुए कहा कि लगातार नाबालिक छात्राओं, खासतौर के आदिवासी लड़कियों के साथ 2002 से लगातार यह घटनाएं घट रही है। इस पर सरकार दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। इस पर हम स्थगन लाए हैं। कृपया सारा काम रोककर इसमें चर्चा कराएं। विधायक संगीता ने कहा कि 2024 में मैं खुद जांच समिति में गई थी। मैं पोटा केबिन में भी गई थी। गंभीर मामला है। लखमा ने चर्चा में कहा कि बस्तर के पोटा केबिन की यह घटना दर्दनाक है। सरकार से निवेदन है कि अधिकारी पर कार्यवाही की जाए। क्या आदिवासी दुश्मन है? क्या आदिवासी बच्चे पढ़ेंगे नहीं क्या? मां-बाप बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए भेजते हैं, पर वह कोई नहीं है। दोषियों पर कार्यवाही होनी जरूरी है।

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि हमारे बस्तर मामले का मामला है। अधीक्षिका की जब ऐसी बाते सामने आती है, तब उन्हें घर भेज दिया जाता है। एफआईआर कराने के बजाए उन्हें संरक्षण देने की कोशिश की जाती है। क्या आदिवासी बच्चियों को इसलिए हम पढ़ने भेजते है? यह गंभीर विषय है कार्यवाही रोककर चर्चा कराए। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि पूरा देश आज के समय में ऐप्स्टिन फाइल को देखकर तकलीफ में है। प्रासंगिक रूप से बच्चियों के साथ गलत कृत्य को छुपाया जाना शर्मनाक हुआ इसमें चर्चा करना आवश्यक है।

मामला बेहद गंभीर, चर्चा कराएं सरकार: डॉ. महंत

डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पोटा केबिन में घटनाएं अभी की नहीं है, सालों से चली आ रही हैं। अभी तो रेप का मामला आया है। बच्चियों की अचानक मौत हो जाती है। बाद में बीमारी को उनको मौत की वजह बताई जाती है। ना डॉक्टर, ना रहने की व्यवस्था। आप पूरी तरह से विचार कर ले और इस पर चर्चा कराए।

अफसरों द्वारा लीपापोती की जा रही: उमेश पटेल

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि एक बच्ची 11वीं में पढ़ती थी और दूसरी बच्ची 12वीं में, लेकिन अब तक सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की है। उमेश पटेल ने कहा कि हमें जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार दोनों बच्चियों को छात्रावास से भगा दिया गया है।

आरोप निराधार: गजेंद्र

इस पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि विपक्ष का आरोप निराधार है, किसी आरोपी को नहीं बचाया जा रहा है। तीनों बच्चियां वर्तमान में पोटा केबिन में नहीं पढ़ती। तीनों बच्चियों और परिजनों ने जवाब दिया है कि स्वयं से वह आना - जाना करते हैं। ऐसी कोई दुर्घटना में सरकार लीपापोती नहीं करती है. ऐसी कोई घटना होती है। तो सरकार कार्रवाई करती है।

कलेक्टर के निर्देश पर जांच चल रही

विपक्ष के आरोपों को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि पोटा कैबिन कलेक्टर के देख-रेख में चलती है। प्रशासन की हमेशा नजर बनी रहती है। वहीं सदन में चर्चा की मांग पर उन्होंने कहा कि बड़ी दुर्घटना घटी है, मामला संदिग्ध है। स्थानीय कलेक्टर के निर्देश पर जांच चल रही है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही आसंदी ने स्थगन की सूचना को अग्राह्य करने पर विपक्ष ने बहिर्गमन किया।

बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव और डीजीपी को हटाया

■ **कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत 6 अधिकारी बदले, आयोग बोला- ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है। वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।

साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ममता की दोनों सीटों पर लड़ेंगे सुवेंदु, पहली लिस्ट में 144 नाम

■ **केरल में भाजपा ने 47 प्रत्याशियों के नाम किए घोषित**

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/ए.। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट दिया है। ये दोनों सीटें बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की हैं।

सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था। नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट टीएमसी का मजबूत गढ़ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी विधायक भिड़े

■ **राज्यसभा चुनाव: कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- 3 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, बिहार कांग्रेस के 3 विधायकों ने वोटिंग नहीं की**

नई दिल्ली/ए.। हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सुबह 9 बजे से जारी वोटिंग पूरी हो गई है। जैसी संभावनाएं जताई जा रही थीं, इन चुनावों में वैसा ही कुछ होते दिख रहा है। तीनों राज्यों में क्रॉस वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा असर कांग्रेस के विधायकों पर देखा जा रहा है।

बिहार में तीन कांग्रेसी और एक आरजेडी विधायकों ने अब तक वोट नहीं डाला है। सभी के फोन भी बंद आ रहे हैं। ओडिशा में कांग्रेस के 3 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इनमें कांग्रेस के दासरथी गोमांगो, सोफिया फिरदौस, रमेश जेना शामिल हैं। क्रॉस वोटिंग में बीजेडी के सौभिक बिस्वाल, चक्रमणि कंअर के नाम की भी चर्चा है। हरियाणा में इनेलो के दोनों विधायकों ने वोट नहीं करने का फैसला किया है। तीनों राज्यों की 11 सीटों पर कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। वोटों की गिनती शाम को होगी।

बिहार में एनडीए के सभी विधायकों ने वोट किया

बिहार में एनडीए की तरफ से वोटिंग पूरी हो गई है। सभी 202 विधायक वोट डाल चुके हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने वोट डाले हैं। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहला वोट डाला। यहां अब तक 88 वोट डाले गए हैं। बता दें कि 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों में से 11 पर सोमवार को मतदान जारी है। 26 सीटों पर पहले ही उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इनमें 13 एनडीए को और 13 विपक्ष की सीटें हैं। अभी 37 में से 25 सीटें इंडिया गठबंधन के पास, जबकि 12 एनडीए के पास हैं। चुनाव के बाद तस्वीर बदल सकती है। एनडीए को 8 सीटों का फायदा हो सकता है।

छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस संतोष केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कैडर के 2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में डीआईजी के पद पर डेपुटेशन मिली हैं। वर्तमान में संतोष सिंह पुलिस मुख्यालय में डीआईजी सीसीटीएनएस/एससीआरबी के पद पर पदस्थ हैं। बता दें कि अवैध नशे के खिलाफ आईपीएस संतोष सिंह के निजात अभियान के चलते उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आईएससीपी अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 की मौत

■ **11 कर्मचारी भी झुलसे, मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा**

कटक (ए.)। ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।

आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के आईसीयू में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम विष्णुदेव साय ने जताया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री साय ने महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारों को इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें।

गरमा-गरम

पत्नी से पीड़ित पुरुष और संतानों से ठुकराए बुजुर्गों के लिए सहारा बनी एसएसपी की पहल, देशभर में दुर्ग मॉडल की चर्चा

■ **दुर्ग में एसएसपी विजय अग्रवाल की नायाब पहल पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण**

भिलाई/नवप्रदेश। आम तौर पर पुलिस का काम कानून-व्यवस्था का राज कायम करना होता है। लेकिन, दुर्ग में हो रही अनुकरणीय पहल पूरे देश के लिये उदाहरण बन चुकी है। यहां बेहतर पुलिसिंग का नायाब चेहरा सामने आया है।

भिलाई के महिला थाना में हर रविवार को उन मजलूम, मजबूर और लाचार बुजुर्गों को न्याय दिलाने की कोशिश की जाती है, जिनकी संतानों ने अपने वृद्ध माता-पिता का ध्यान रखने की बजाय बेबस हाल में छोड़ दिया है। पुलिस की एक और बेंच महिला प्रताड़ना का शिकार होने वाले पुरुषों को न्याय दिलाने की पहल करती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अनुकरणीय पहल से रविवार को सुबह से शाम तक काउंसिलिंग होती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अपराधियों के लिए बेहद सख्त और जन सामान्य के लिये उतने ही जेंटलमैन पुलिस अफसर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिलाओं से प्रताड़ना का शिकार होने वाले पुरुषों और संतानों की उपेक्षा का शिकार होने वाले बुजुर्गों की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इन शिकायतों का निराकरण करने महिला थाना में परिवार परामर्श केंद्र स्थापित किया गया है। सुनवाई के लिए दो अलग-अलग बेंच बनाई गई है। पूरी गंभीरता से बेंच में शामिल सदस्य प्रकरण की सुनवाई करते हैं। इसके बाद काउंसिलिंग के जरिये प्रकरण निबटाए जाते हैं। मामलों का न्यायपूर्ण समाधान होने से घरेलू हिंसा की घटनाएं कम हो रही है।

- विजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग

40 हजार आदिवासी महिलाओं से अरबों की ठगी, सीएस दिल्ली तलब

■ **पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान**

रायपुर/कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना National Rural Livelihood Mission (NRLM) के नाम पर हुए कथित बड़े घोटाले ने सियासी और प्रशासनिक हलकों में भूचाल ला दिया है। आरोप है कि 'फ्लोरामैक्स' नाम की कंपनी के जरिए प्रदेश की करीब 40 हजार आदिवासी महिलाओं से अरबों रुपये की ठगी की गई। इस मामले को लेकर पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर उनकी मेहनत की कमाई को निवेश के नाम पर हड़प लिया गया। उन्होंने इसे सिर्फ आर्थिक अपराध नहीं बल्कि प्रधानमंत्री की योजना को बदनाम करने की साजिश बताया है। भाजपा के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पर्यावरण,जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव /नव प्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनंदगांव के द्वारा मोतीपुर सामुदायिक भवन राजनंदगांव में पर्यावरण, जल, संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

जिसमें सर्वप्रथम चैरिटी के महिला सदस्य श्रीमती कौशल्या बाई सहारे द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर मार्गदर्शन देते हुए कहा जल है तो कल है और जल के बिना जीना मुश्किल है इसीलिए जल का दुरुपयोग ना कर संरक्षण करना चाहिए जिससे जल की भविष्य में कमी नहीं होगी

इसी प्रकार पर्यावरण पर मार्गदर्शन देती हुई अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमारा जीवन पेड़ - पौधौ पर निर्भर है पेड़ पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है जिसे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है इस प्रकार पेड़ पौधे से हमें फल फूल और अन्न मिलता है जिससे हमारा जीवन निर्भर

है इसीलिए हमें पेड़ पौधे का संरक्षण कर अपने जीवन में पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को संतुलित बनाना चाहिए इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शन श्री ओम प्रकाश सहारे ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज के आधुनिक समय में मोटर गाड़ियों का प्रचलन तीव्र हो गया है संभवतः अधिकांश घरों में वाहनों की उपलब्धता रहती है लोग आवागमन करते समय यातायात नियमों की पालन नहीं करते किस कारण सुरक्षित अवस्था में नहीं रहता और दुर्घटनाएं होती है इसीलिए कभी भी आवागमन करते समय किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए जिससे दुर्घटना होने की संभावना नहीं होगी मोबाइल फोन से बात करते हुए कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए नशे की हालत में वहां नहीं चलना चाहिए, सड़कों के बीचो-बीच कोई भी वाहन को नहीं चलना चाहिए जिससे दुर्घटना होने की संभावना नहीं होगी

इस प्रकार जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने पर्यावरण, जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा यातायात नियमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्होंने संकल्प लिया और कहे हम भविष्य में जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे और अपने जीवन में पर्यावरण को संतुलित बनाने हेतु पेड़ पौधे लगाएंगे इसी प्रकार आवागमन करते समय यातायात नियमों का पालन कर नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन नहीं चलाएंगे

न्यूज गैलरी

नाबालिक बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। प्रार्थिया द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी नाबालिग लड़की को भावेश समरित द्वारा जबरदस्ती दुष्कर्म किया है कि रिपोर्ट पर धारा 65(2) बीएनएस, 4,5(एम),6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर मामला गंभीर अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री किर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में तत्काल चिखली चौकी प्रभारी द्वारा स्टाफके साथ आरोपी का पतासाजी कर आरोपी भावेश कुमार समरित उर्फ कुक्कू पिता स्व. गणेश कुमार समरित उम्र 19 साल साकिन बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 02 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. को अभिरक्षा मे लेकर चौकी चिखली लाकर पुछताछ किया जो अपराध घटित करना स्वीकार किया जिसपर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, म.प्र.आर. वंदना पटले, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, आर. आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, नागेश्वर साहू, म.आर. रेणुका राजपूत एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

अवैध सिलेंडर पर प्रशासन की कार्यवाही,15 नग सिलेंडर जब्त

बलौदाबाजार / नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध एलपीज़ी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा एवं खरतोरा में जांच अभियान चलाया गया जिसमें द 15 नग अवैध घरेलु सिलेंडर जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम के द्वारा एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में भाटापारा के लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित महालक्ष्मी फालूदा फैक्ट्री मे दबिश दी गई। फालूदा फैक्ट्री मे 6 नग घरेलू एलपीजी सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई। इसीतरह बस स्टैंड चौक स्थित दादा भाई बिरयानी सेंटर से 1 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया।
इसके साथ ही खरतोरा नाका पलारी में सागर स्वीट्स हरिकिशन साहू के यहां से 5 नग,रंगला पंजाब ढाबा केप्रॉपराइटर कैप्टनसिंह के प्रतिष्ठान से 3 नग खाली घरेलु सिलेंडर जब्त किया।उक्त कार्यवाही द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत किया गया है इस दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएच एण्ड डीसीपी) अंतर्गत खुरहा-चपका (एफएमडी) संक्रामक बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में निःशुल्क टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में खुरहा-चपका रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण के सातवें चरण में 15 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने बताया कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के लगभग 3 लाख 5 हजार गौवंश एवं भैंस वंशीय पशुओं को रोग-प्रतिरोधक टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुरहा-चपका रोग मुख्यतः गाय-भैंस जैसे खुर वाले पशुओं में होने वाला संक्रामक रोग है। इस रोग से ग्रसित पशुओं में तेज बुखार आना, मुंह, जीभ, होंठ एवं मसूडों में छाले या फफोले तथा खुरों के बीच फफोले या घाव होने से पशु लंगड़ाकर चलता है। इसके साथ ही मुंह से अधिक लार गिरना, खाने-पीने में परेशानी, दूध उत्पादन में अचानक कमी, थन या स्तनों पर फफोले, कमजोरी व सुस्ती शामिल है। इस रोग से छोटे बछड़ों की मृत्यु भी हो जाती है। पशु में खुरहा-चपका रोग के लक्षण दिखने पर पशुपालकों को बीमारी पशु को तत्काल अन्य पशुओं से अलग रखें, नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें, साफ-सफाई बनाए रखें एवं कीटाणुनाशक का प्रयोग करें तथा समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने पशुपालकों को पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने तथा विभागीय कर्मचारियों का भारत पशुधन एप में पंजीयन कराने में सहयोग करने की अपील की है।

पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम

राजनांदगांव / नव प्रदेश। भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएच एण्ड डीसीपी) अंतर्गत खुरहा-चपका (एफएमडी) संक्रामक बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में निःशुल्क टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में खुरहा-चपका रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण के सातवें चरण में 15 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने बताया कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के लगभग 3 लाख 5 हजार गौवंश एवं भैंस वंशीय पशुओं को रोग-प्रतिरोधक टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सूखत, चूहे, रखवाली, बिजली बिल की समितियों में बढ़ रही परेशानी, अधिकारियो को सौंपा ज्ञापन

धान खरीदी खत्म होने के डेढ़ माह बाद भी समितियों से नहीं हुआ धान उठाव

■ **36 फीसदी धान का उठाव बाकी**

खैरागढ़ / नवप्रदेश। जिले के धान खरीदी केन्द्रों मे समय पर धान का उठाव नही होने से समितियों की परेशानियां बढ़ गई है। जिला प्रशासन के लाख दावो और निर्देशो के बाद भी जिले की समितियों मे खरीदी प्रक्रिया बंद होने के डेढ़ माह बाद भी 36 फीसदी से अधिक धान का परिवहन बाकी है । प्रचंड गर्मी की शुरूआत के बाद समितियों मे रखे धान मे सूखत, चूहोकी दिक्कत, रखवाली ,मौसम और इसके लिए अतिरिक्त खर्चा अब समितियों पर भारी पड़ रहा है । समितियों की ओर से लगातार जिला प्रशासन, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग और सहकारी बैंक को सूचना और ज्ञापन देने के बाद भी परिवहन मे रफ्तार नही बन पाई है । इसके चलते सूखत के चलते पिछले कई सालो से घाटे और वेतन के लिए तरस रहे समिति कर्मचारियों मे नाराजगी बढ़ रही है ।

1 लाख 33 हजार मेट्रिक टन का परिवहन बाकी

जिले के 39 समितियों के 51 धान खरीदी केन्द्रों मे इस साल भी 375755 मेट्रिक टन की खरीदी की गई । जनवरी मे खरीदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद डेढ़ माह मे अब तक 242400 मेट्रिक टन धान का उठाव ही हो पाया है । समितियों मे अब भी 133355 मेट्रिक टन धान का परिवहन होना बाकी है । समितियो से जिले के मिलरो ने 122316 मेट्रिक टन और संग्रहण केन्द्रों मे 120083 मेट्रिक टन का उठाव किया है । इसके बाद बाकी बचे धान का दूसरे जिलो के मिलरो को उठाव कराना है लेकिन प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा समितियो को भुगतना पड़ रहा है । धान का उठाव समय पर नही होने से समितियो की परेशानियां लगातार बढ़ रही है ।

सूखत की समस्या, अतिरिक्त खर्चा बढ़ा

समितियो मे गर्मी के दौरान भी धान का उठाव नही होने से रखे धान मे सूखत की समस्या बढ़ गई है । पिछले कुछ सालो से सूखत के चलते समितियों को धान खरीदी के कमीशन राशि मे बड़ी कटौती का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते कई समितियां घाटे मे चल रही है इसके कारण समिति कर्मचारियो को कई माह का वेतन तक नही मिल रहा है । सूखत के अलावा समितियों मे चूहो की परेशानी बढ़ गई है । इससे भी नुकसान की आशंका लगातार बढ़ रही है । समय पर उठाव नही होने के चलते समितियों को धान की रखवाली के लिए चौकीदारो की अतिरिक्त व्यवस्था, बिजली पानी की व्यवस्था बनानी पड़ रही है इसका आर्थिक भार भी समितियों पर पड़ रहा है । मौसम बिगडने से भी धान की खराबी को लेकर इक्षचंतित समिति अध्यक्षों प्रबंधको ने प्रशासनिक अधिकारियो को पत्र सौंपकर धान का उठाव त्वरित रूप से किए जाने की मांग की है ।

जिले में किशोरियों हेतु एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत

■ **सर्वाइकल कैंसर से होगा बचाव**

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा देश में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में अब जिले में भी टीका लगाना शुरू किया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि एचपीवी अर्थात ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव हेतु यह टीकाकरण अभी उन किशोरावस्था की बालिकाओं को लगाया जा रहा है जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन तो मनाया हो पर 15 वां पूरा न किया गया हो । आयु के प्रमाण हेतु आधार अथवा फ़ोटो आईडी मान्य की जाएगी। यदि पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा पत्र के आधार पर भी टीकाकरण किया जा सकेगा।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ के. के.टेम्भूरने के अनुसार इसका उद्देश्य किशोरावस्था की बालिकाओं को एचपी वायरस से बचाव करना है जो बाद में सर्वाइकल कैंसर का कारण बनता है । महिलाओं में यह कैंसर प्रमुख रूप से दिखाई पड़ता है। निजी अस्पतालों में भी यह टीका लगाया जाता रहा है जहाँ पैसे खर्च होते किंतु शासन ने इसे निःशुल्क रखा है जिससे लोग लाभ ले सकें।

560.680 किलो से अधिक गांजा और 190 नशीली टेबलेट को किया नष्ट

■ **गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्यवाही 34 प्रकरणों में**

गरियाबंद / नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध गरियाबंद पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के 34 प्रकरणों में जब्त 560.680 किलो मादक पदार्थ गांजा और 02 प्रकरणों में 190 नग नशीली टेबलेट को विधिसम्मत तरीके से नष्ट कर दिया।यह कार्यवाही रायपुर स्थित जायसवाल निको स्टील पावर प्लांट के फर्नेस में की गई, जहाँ जहरीले पदार्थों को जलाकर खाक किया गया।प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरों और पुलिस मुख्यालय के सभी दिशा निर्देशो का पालन किया गया तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से विधिवत अनुमति ली गई। इस जिला औषधी निपटारा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर एवं सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, सदस्य जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह मौजूद रहे। गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबारों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है। समाज में बीमार रूपी फैल रहे नशे के लत को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है

शहर में सड़कों से नहीं हटे मवेशी, गांव में खेत की फसलें कर रहे बर्बाद

■ **कलेक्टर का आदेश भूले अधिकारी**

खैरागढ़ / नवप्रदेश। । कलेक्टर के लगातार आदेश और निर्देश के बाद भी स्थानीय प्रशासन आवारा मवेशियो की व्यवस्था नही बना पाया । इसका खामियाजा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को भुगतना पड़ रहा है । शहर की सडको पर मवेशियो के चलते दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही है । तो ग्रामीण इलाको मे गेहू, चने मसूर जैसी फसलो को आवारा मवेशी चट कर रहे है । मवेशियो की धरपकड़ और सुरक्षित स्थानो पर रखने उनकी व्यवस्था कराने कलेक्टर लगातार साल भर से निर्देश दे रहे है । लेकिन नगरीय निकायो के साथ साथ जनपद के अधिकारी भी उक्त आदेश की लगातार अनदेखी कर रहे है । मवेशियो के चलते शहर से लेकर ग्रामीण इलाको तक परेशानियां बढ़ गई है । शहर मे सडक पर बोलबाला- शहर की सडकों पर मवेशियो को हटाए जाने के कलेक्टर के निर्देश का नगरपालिका पर कोई असर नही हूआ । शहर से होकर गुजरने वाली राजनांदगांव कवर्धा स्टेट हाइवे मे पिपरिया से लेकर अमलीपारा सोनेसरार तक मवेशियो का जमावड़ा कम नही हूआ है ।

हादसा टला, सड़क निर्माण में हुई बड़ी लापरवाही, खाद से भरा ट्रैक्टर धंसा

छुईखदान / नवप्रदेश। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले पद्मावतीपुर से डोकराभाठा तक हाल ही में निर्मित पक्की सड़क में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिसके कारण सड़क कई जगहों पर दरारों में बदल चुकी है और कुछ स्थानों पर सड़क दो हिस्सों में बंट गई है।

बताया जा रहा है कि पद्मावतीपुर के गौठान के पास सड़क के दोनों किनारों पर नाली का निर्माण किया गया है, लेकिन नियमानुसार कंक्रीट से ढलाई नहीं की गई। इसके बजाय केवल पत्थर बिछाकर उसके ऊपर मुरूम डाल दिया गया, जिससे सड़क की मजबूती कमजोर हो गई है।

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीडियो स्टूडियो एवं यूटिलिटी सेंटर का महापौर रामू रोहरा ने किया भूमिपूजन

धमतरी / नवप्रदेश। बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में वीडियो स्टूडियो एवं यूटिलिटी सेंटर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर श्री रामू रोहरा के करकमलों से सम्पन्न हुआ। यह निर्माण कार्य जनभागीदारी समिति के मद से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों को बढ़ावा देना है।

महापौर श्री रामू रोहरा ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ तकनीक का समन्वय अत्यंत आवश्यक हो गया है। महाविद्यालय में बनने वाला वीडियो स्टूडियो प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन लेक्चर, शैक्षणिक वीडियो निर्माण, वेबिनार तथा डिजिटल कंटेंट तैयार करने में उपयोगी साबित होगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति से जुड़ने और अपने तकनीकी कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा।

रंजना साहू के करकमलों से सम्पन्न हुआ कर्मा भवन का भूमिपूजन

बिरेतरा में हुआ माँ कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन

■ **रंजना साहू ने कहा- हम सभी को मिलकर समाज की एकता, शिक्षा और विकास के लिए कार्य करना होगा**

धमतरी / नवप्रदेश। साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर पर ग्राम बिरेतरा में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं कर्मा भवन भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री श्री राकेश साहू एवं जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा ध्वज के ध्वजारोहण एवं माँ कर्मा की आरती के साथ हुई। इसके पश्चात समाजिक बंधुओं व मातृशक्तियों के द्वारा कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण के बीच माँ कर्मा के जयकारों से माहौल गूंज उठा। तद्उपरांत मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू व अतिथियों की उपस्थिति में कर्मा भवन के निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक रूप से स्वागत किए। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि माँ कर्मा साहू समाज की आस्था, सेवा और समर्पण की प्रतीक हैं, उनके आदर्श हमें समाज सेवा, परिश्रम और एकता का संदेश देते हैं, ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं।

चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं मेडिकल छात्राओं ने सीएम का सम्मान कर जताया आभारः डॉ देवेन्द्र

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में चिकित्सक संगठन एवं मेडिकल छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार लगातार प्राथमिकता के साथ बेहतर कार्य कर रही हैए ताकि प्रदेशवासियों को सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ.साथ

उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता थाए जिसमें लगभग 100 से 150 सीटें थीं। आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 14 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैंए जिनमें लगभग 1400 सीटें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपीए नर्सिंग सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित हुए हैं।

पुलिस चेकिंग में कार से 75 लाख कैश जब्त, दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक होंडा कार से बड़ी मात्रा में नगदी बरामद की है। कार में सवार दो व्यक्तियों के पास से 75 लाख रुपये नकद मिलने पर पुलिस ने कार, मोबाइल और नगदी समेत कुल 85 लाख 10 हजार रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 मार्च 2026 को टेमरी नाका में वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान खरियार रोड (ओडिशा) की ओर से आ रही सफेद रंग की होंडा कार क्रमांक हृष्ठ 05 क्क्क 2122 को रोककर जांच की गई। कार चालक ने अपना नाम राजेन्द्र महानंद (27) निवासी मुंडापला थाना बेलपला जिला बलांगीर (ओडिशा) बताया, जबकि उसके बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम महाप्रज्ञ जैन (47) निवासी वार्ड 02 डेली मार्केट कांटाबांजी जिला बलांगीर (ओडिशा) बताया।

जांच के दौरान कार की बीच वाली सीट पर रखे नीले रंग के बैग की तलाशी लेने पर उसमें 500-500 रुपये के नोटों के 150 बंडल मिले। प्रत्येक बंडल में 100 नोट थे। इस तरह कुल 75 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में महाप्रज्ञ जैन ने बताया कि यह रकम सोना-चांदी के व्यापार से संबंधित है, जिसे कांटाबांजी से रायपुर स्थित मनोहर मका एंड कंपनी और 60 ज्वेलर्स को देने के लिए ले जाया जा रहा था। हालांकि पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए धारा 94 बीएनएस के तहत नोटिस दिया गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 75 लाख रुपये नकद, एक होंडा कार (कीमत लगभग 10 लाख रुपये) और एक मोबाइल (कीमत लगभग 10 हजार रुपये) जब्त कर लिया। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 85 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

भाठागांव रोड निर्माण में देरी पर महापौर मीनल नाराज, ठेकेदार को थमाया नोटिस

तीन दिन में डामरीकरण शुरू नहीं हुआ तो होगी दंडात्मक कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने भाठागांव चौक से दतरेंगा मोड़ तक बन रही इको फ्रेंडली सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई है। महापौर की नाराजगी के बाद नगर निगम के कार्यपालन अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर सड़क डामरीकरण कार्य अनिवार्य रूप से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार 15वें वित्त आयोग मद से भाठागांव चौक से दतरेंगा मोड़ तक इको फ्रेंडली सड़क का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है। यह कार्य अनुबंधित एजेंसी मेसर्स नरेश एंड कम्पनी को दिया गया है।

निगम के अनुसार 18 फरवरी 2026 को एजेंसी को कार्य की गति बढ़ाने और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी बार-बार निर्देशों के बावजूद ठेकेदार द्वारा अब तक सड़क डामरीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में सड़क निर्माण में देरी से न केवल परियोजना की प्रगति प्रभावित हो रही है, बल्कि नगर निगम की छवि भी प्रभावित हो रही है और आम जनता व जनप्रतिनिधियों में नाराजगी बढ़ रही है। कार्यपालन अभियंता ने नोटिस जारी कर ठेकेदार को निर्देश दिया है कि नोटिस प्राप्ति के तीन दिन के भीतर सड़क डामरीकरण कार्य शुरू किया जाए। निर्धारित समयसीमा में काम शुरू नहीं होने पर अनुबंध की कंडिका 2 और 3 के प्रावधानों के तहत ठेकेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

घर के सामने खड़ी मिनी ट्रक चोरी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में घर के सामने खड़ी मिनी ट्रक चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई वाहन भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी अमित साहू ने 14 मार्च 2026 को थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मार्च की रात करीब 10:30 बजे उन्होंने अपनी मिनी ट्रक अशोक लीलैंड डोस्ट प्लस (सीजी 04 एफटी 4470) को घर के सामने लॉक कर खड़ी की थी। अगले दिन सुबह करीब 9:30 बजे बाहर आकर देखा तो वाहन वहां नहीं थी। आसपास खोजबीन करने पर भी ट्रक का पता नहीं चला, जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। प्रार्थी की शिकायत पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपराध क्रमांक 169/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर भी लगाए गए। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके आधार पर सोनू साहू (35 वर्ष) निवासी बारह खोली के सामने, गांधी नगर को पकड़कर पूछताछ की गई।

आईआरसीटीसी की तकनीकी त्रुटि से मिला रिफंड, यात्री ने दिखाई ईमानदारी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे की रिटायरिंग रूम सेवा के उपयोग के बाद तकनीकी त्रुटि से खाते में वापस आई राशि को लौटाने की पहल कर एक यात्री ने ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण पेश किया है। यह मामला रायपुर रेल मंडल के दुर्ग रेलवे स्टेशन से जुड़ा है, जहां रेल कर्मियों ने भी सेवा भाव दिखाते हुए यात्री की मदद की। जानकारी के अनुसार विशाखापट्टनम निवासी पी.एस.डी. प्रसाद ने आईआरसीटीसी ऐप के माध्यम से 9 से 11 मार्च 2026 तक दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दो दिनों के लिए दो रिटायरिंग रूम बुक किए थे, जिसके लिए उन्होंने 5385 रुपये का भुगतान किया था। 9 मार्च की रात वंदे भारत ट्रेन से दुर्ग पहुंचने पर उन्हें पता चला कि भुगतान होने के बावजूद उनकी बुकिंग की पुष्टि नहीं हुई है। इस स्थिति में दुर्ग स्टेशन के वाणिज्य विभाग के रेल कर्मियों ने यात्री की मदद करते हुए उन्हें दो दिनों के लिए एक एसी और एक नॉन-एसी कमरा उपलब्ध कराया, क्योंकि सिस्टम में उनका लेन-देन आईडी 6005667879 दिखाई दे रहा था। बाद में आईआरसीटीसी की तकनीकी त्रुटि के कारण यात्री के खाते में पूरी राशि रिफंड हो गई। यात्री ने ईमानदारी दिखाते हुए दो बार ईमेल कर रिफंड न करने का अनुरोध किया। और बताया कि वह दुर्ग स्टेशन पर रिटायरिंग रूम में ठहरे थे। इसके बावजूद 12 मार्च को उनके खाते में 5385 रुपये की राशि वापस आ गई।

बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस का चेरत्तला स्टेशन में होगा ठहराव

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण रेलवे के तिरुअनंतपुरम मंडल के चेरत्तला स्टेशन में गाड़ी संख्या 22619/22620 बिलासपुर-तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दिनाँक 17 मार्च 2026 से बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22619 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस चेरत्तला स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी चेरत्तला स्टेशन 20.24 बजे पहुंचेगी तथा 20.25 बजे रवाना होगी। दिनाँक 22 मार्च 2026 से तिरुनेलवेली से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस चेरत्तला स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी।

अपराध: नकदी और आईफोन बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

विदेशी मुद्रा के नाम पर 19 लाख रुपए की ठगी, पश्चिम बंगाल का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में विदेशी मुद्रा के नाम पर टूर एंड ट्रैवल्स व्यवसायी से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय आरोपी को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम और एक आईफोन भी जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार गुरुनानक नगर, तेलीबांधा निवासी हरदीप सिंह होरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रैवल प्लानर नाम से टूर एंड ट्रैवल्स का व्यवसाय करते हैं। 1 मार्च 2026 की शाम उन्हें एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को हर्षित अग्रवाल बताते हुए अमेरिका और लंदन में होटल बुकिंग कराने की बात कही।

प्रार्थी ने व्हाट्सएप के जरिए होटल के विकल्प भेजे। इसके बाद आरोपी ने बैंक खाता विवरण मांगा और अगले दिन भुगतान करने की बात कही। 2 मार्च को उसने प्रार्थी को करेंसी टॉवर, तेलीबांधा स्थित जेनेट को-वर्किंग स्पेस में बुलाया और 18 हजार यूएस डॉलर व 2 हजार जीबीपी साथ लाने को कहा, जहां उसका भाई भारतीय मुद्रा देने वाला था।

प्रार्थी तय समय पर विदेशी मुद्रा लेकर वहां पहुंचा। इस दौरान एक आरोपी नोट गिनने की मशीन लाने के बहाने बाहर चला गया, जबकि दूसरा फोन पर बातचीत में उलझाए रखा। इसी बीच आरोपी विदेशी मुद्रा लेकर फरार हो गए। ठगी की रकम भारतीय मुद्रा में लगभग 19.47 लाख रुपये बताई गई है।

मामले में पुलिस ने थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 318(4) और 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (मध्य जोन) उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट और तेलीबांधा थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी की लोकेशन पश्चिम बंगाल के हावड़ा में मिली। पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर प्रोसेनजित चक्रवर्ती (38) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ठगी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4.50 लाख रुपये नकद और एक आईफोन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी मुंबई के बांद्रा थाना में ठगी का मामला दर्ज है।

तेज आवाज में गाना बजाने पर विवाद घर में घुसकर मारपीट, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट और तोड़फोड़ का रूप ले लिया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, डीडी नगर निवासी प्रार्थी ने थाना डीडी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे वह अपने भाई और दोस्तों के साथ घर में टीवी पर गाने चला रहे थे। रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच कुछ लोगों ने घर का दरवाजा जोर-जोर से पीटना शुरू कर दिया। दो बार दरवाजा पीटने के बाद तीसरी बार लात मारकर सी-ब्लॉक के कुछ लोग जबरन घर में घुस गए। घर में घुसते ही आरोपियों ने तेज आवाज में टीवी चलाने को लेकर गाली-गलौच करते हुए प्रार्थी, उसके भाई और दोस्तों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान घर में रखा टीवी भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं एक आरोपी ने प्रार्थी के भाई आर्यन ठावरे के बाएं कान के पास ब्लेड से वार कर उसे घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर थाना डीडी नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 181/2026 के तहत धारा 331(5), 296, 115(2), 351(3), 324(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रार्थी और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की कार्रवाई में मामले में संलिप्त कुबेर प्रसाद वर्मा (40), चंदन गुप्ता (33) और विष्णु प्रसाद वर्मा (43) को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गांधीनगर में मारपीट व चाकूबाजी, 12 घंटे के भीतर हिरासत में तीन बदमाश

रायपुर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीनगर कालीबाड़ी इलाके में रविवार रात पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने मारपीट और चाकूबाजी का रूप ले लिया। मामले में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार गांधीनगर बस्ती में आमने-सामने रहने वाले पड़ोसी मोहित निहाल और अभिषेक सोनी के बीच पहले से विवाद चल रहा था। 15 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे अभिषेक सोनी अपने भाई के साथ गांधीनगर स्थित धनराज किराना दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान विक्रम बघेल, अभिषेक गुप्ता, अभिषेक बघेल उर्फ जादू, मोहित निहाल और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी तथा चाकू से हमला कर दिया। घटना में अभिषेक सोनी, उसका साथी समीर बघेल और बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बहन गुड्डी बघेल को हाथ में चोटें आई हैं। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

सिटी कोतवाली थाना में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1) और 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल जोन और डीसीपी क्राइम के निर्देशन में एयूसीसी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार कालीबाड़ी क्षेत्र के नेहरू नगर और गांधीनगर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तत्वों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियों की समीक्षा, खेल स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार ने छत्तीसगढ़ की मेजबानी में पहली बार आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी विभागों को समय से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करने और खेल स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए।

सोमवार को रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालनालय में आयोजित बैठक में सचिव ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय महत्व का है और छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। इसलिए इससे संबंधित सभी व्यवस्थाएं पुख्ता और सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और पर्याप्त समय रहते सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। सचिव ने खेल मैदानों, खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, विमानतल और रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए, ताकि प्रतियोगिता में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

उन्होंने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग को भी निर्देश दिया कि विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला और पर्यटन स्थलों से परिचित कराने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। साथ ही विभिन्न भाषाओं वाले राज्यों के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए संबंधित भाषाओं के जानकार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को भी कहा गया। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनूजा सलाम, उप संचालक रश्मि ठाकुर सहित रायपुर जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास, अनुसूचित जनजाति विकास, परिवहन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन, जनसंपर्क, स्वास्थ्य विभाग, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी उपस्थित थे। अंबिकापुर और जगदलपुर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में 25 मार्च से 3 अप्रैल तक रायपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में नेशनल ट्राइबल गेम्स का आयोजन होगा। इसमें सात खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जबकि कबड्डी और मलखंब को डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया है।



सुविचार

अगर कोई आपसे रिश्ता नहीं रखना चाहता तो उस शख्स से दूर हो जाओ। वक्त उसे सीखा देगा कद्र करना और तुम्हे सब्र करना।

बंगाल पर चुनाव आयोग का हंटर

चुनाव आयोग ने बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडू और पुंडूचेरी में विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित कर दी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने के साथ ही इन सभी राज्यों में चुनाव आचार सहिंता लागू कर दी गई है। इनमें से असम, केरल और पुडूचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा वहीं तमिलनाडू में 23 अप्रैल को एक ही चरण में मदतान कराया जाएगा। बंगाल में 2 चरणों में चुनाव होंगे वहां 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। इन पांच राज्यों के चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही चुनाव आयोग ने बंगाल में हंटर चलाया है। चुनाव आयोग ने बंगाल के मुख्य सचिव नंदनी चक्रवर्ती तथा गृह सचिव जगदीश प्रसाद को उनके पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है। अब दुष्यंत नारीवाला बंगाल के नये मुख्य सचिव होंगे तथा संघ मिश्रा घोस को नया गृह सचिव नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देष दिया है कि हटाये गये मुख्य सचिव और गृह सचिव को विधानसभा चुनाव संबंधी कोई दायित्व न सौंपा जाये। चुनाव आयोग का यह फैसला बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए एक बड़ा झटका है जो पिछले कई दिनों से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ मोर्चा खोले हुए है। बंगाल में कराये गये एसआईआर के दौरान बंग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के नाम हटाये जाने से ममता बनर्जी बुरी तरह बौखलाई हुई हैं। उन्होंने एसआईआर के खिलाफ आंदोलन करने से लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने तक की कवायद करके देख ली लेकिन नतीजा शून्य बटे सन्नाटा ही निकला। अब ममता बनर्जी की ही पहल पर विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ संसद में महाभियोग का नोटिस दिया है। चुनाव आयोग से पंगा लेना ममता बनर्जी को भारी पड़ गया क्योंकि चुनाव आयोग ने उनके पसंदीदा दो उच्च अधिकारियों को हटा दिया है। बहरहाल अब बंगाल और असम सहित इन पांचो राज्यों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो जाएंगी। भाजपा ने तो चुनाव की तारीखों के एलान के पहले ही अपनी चुनावी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता में विशाल जनसभा लेकर चुनावी बिगुल फूंक दिया था उनकी सभा में लाखों की भीड़ उमडी थी जो ममता बनर्जी के लिए खतरे की घंटी मानी जा रही है। इसी तरह केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक दिन पहले ही असम में एक बड़ी जनसभा की और उन्होंने वहां कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अब अन्य राजनीतिक पार्टियां भी अपनी चुनावी गतिविधियां तेज करेंगे और मतदाताओं का मनमोहने के लिए चुनावी घोषणा पत्रों के माध्यम से लोकलुभावन घोषणाओं की बौछार करेंगी।

गोधन संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले के ग्राम लाखासार में सुरभि गोधाम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोधन संरक्षण और गौसेवा को बढावा देने के लिए उनकी सरकार संकल्पित है। निश्चित रूप से साय सरकार की यह पहल सराहनीय है। गौरतलब है कि पूर्ववर्तीय भूपेश बघेल सरकार ने नरवा गरवा घुरवा बारी योजना के तहत पूरे प्रदेश में जगह जगह गौठान बनवाये थे जिसमें लावारिश घुमने वाली मवेसियों को रखकर उनके चारा पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। किन्तु तात्कालीन कांग्रेस सरकार की लापरवाही के चलते यह महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ गई और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। उस दौरान गौठानों में चारे के अभाव में कई गायों की मौत होने की खबरे भी आम हो गई थी। नतीजतन छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद गौठान योजना बंद हो गई थी। इसे फिर से नया स्वरूप देकर शुरू करने के लिए दैनिक नवप्रदेश ने इसी स्थान पर अपनी संपादकीय टिप्पणी में साय सरकार को सुझाव दिया था कि गौ संरक्षण के लिए इस योजना को जल्द से जल्द नए रूप में शुरू किया जाये। बहरहाल अब साय सरकार ने सही दिशा में सही कदम उठाया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सुरभि गौधाम योजना सफल होगी किन्तु सरकार को इसके लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी होगी। इस मामले में पूर्व का अनुभव कड़वा रहा है। क्योंकि पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार ने गौठानों का संचालन पंचायतों को सौंप दिया था और वे इसका व्ययभार उठाने में असफल रही थी। इस बार ऐसा न हो।

सदगुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ स्वयं को समझ जाना ही दुनिया को समझ जाना है।

◆ स्वभाववश जैसे गुलाब का फूल महकता ही रहता है, उससे पखाने की दुर्गंध नहीं आ सकती वैसे ही जब तुममें 'समझ' आ गई तो तुमसे जो भी बहेगा वो 'समझदारी' ही बहेगी, जो तुम्हारे आसपास होंगे सबसे ज्यादा प्रभावित वहीं होंगे। घर, द्वार, परिवार स्वयं सुखी होंगे, आह्लादित होंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1861: इटली का एकीकरण संपन्न हुआ। 1905: महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रकाश के क्वांटम सिद्धांत का विवरण दिया। 1920: बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म हुआ था। 1957: चीन के पड़ोसी देश फिलीपींस के राष्ट्रपति रैमन मैग्सायसाय की हवाई हादसे में मौत। 1962: भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म। 1969: गोल्डा मेयर इजराइल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। 1987: महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया। 1989: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा का निधन। 1990: बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का जन्म। 1994: रूस ने नाटो की शांति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय लिया। 1996: क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की। 1998: झू रोंगजी चीन के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। 2004: नासा का मैसेंजर यान बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।

कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था?

योगेश कुमार गोयल

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है।

भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थायी आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है। भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक

संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा सामरिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थायी रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थायी नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ये सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है।

फास्टैग एनुअल पास हुआ अब महंगा

महेन्द्र तिवारी

भारत में सड़क परिवहन व्यवस्था पिछले एक दशक में जिस तेजी से बदली है, वह देश के बुनियादी ढांचे के विकास की कहानी को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करना कई बार थकाऊ अनुभव बन जाता था, क्योंकि टोल प्लाजा पर लंबी लाइनों में खड़े होकर भुगतान करना पड़ता था। इससे न केवल यात्रियों का समय बर्बाद होता था बल्कि ईंधन की खपत और प्रदूषण भी बढ़ता था। इसी समस्या के समाधान के रूप में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली यानी फास्टैग को लागू किया गया, जिसने भारत में सड़क यात्रा की पूरी व्यवस्था को बदल दिया।

आज फास्टैग देश के अधिकांश टोल प्लाजा पर अनिवार्य हो चुका है और यह तकनीक भारतीय परिवहन व्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। इसी व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत की थी, और अब इसके शुल्क में मामूली वृद्धि की घोषणा की गई है।

सरकार ने घोषणा की है कि 1 अप्रैल 2026 से फास्टैग एनुअल पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी जाएगी। यह वृद्धि लगभग 2.5 प्रतिशत है, यानी केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी। यह नई दर वित्तीय वर्ष 2026क्27 के लिए लागू होगी। यह पास विशेष रूप से निजी और गैर-व्यावसायिक वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए बनाया गया है, ताकि नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले लोग आसानी से टोल भुगतान कर सकें। इस योजना के तहत एक बार शुल्क जमा करने के बाद वाहन चालक एक वर्ष तक या अधिकतम 200 बार टोल प्लाजा पार कर सकते हैं, जो भी पहले पूरा हो जाए। फास्टैग एनुअल पास की शुरुआत 15 अगस्त 2025 को की गई थी और इसका मुख्य उद्देश्य बार-बार टोल भुगतान के झंझट को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना था। पहले यह पास 3000 रुपये में उपलब्ध था, लेकिन अब इसमें मामूली संशोधन करते हुए कीमत बढ़ाई गई है। सरकार का कहना है कि टोल दरों की वार्षिक समीक्षा और राजमार्गों के रखरखाव की बढ़ती लागत को देखते हुए यह बढ़ोतरी आवश्यक थी। हालांकि यह वृद्धि बहुत छोटी है, लेकिन इससे सरकार को राजमार्गों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी। फास्टैग एनुअल पास की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश में 50 लाख से अधिक वाहन चालक इसका उपयोग कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर कारों द्वारा किए जाने वाले कुल टोल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा अब इसी पास के माध्यम से हो रहा है। लगभग 28 प्रतिशत कार टोल लेनदेन इस

योजना के तहत किए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक साबित हो रही है जो रोजाना या नियमित रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करते हैं, जैसे व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और रोजाना शहरों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए। यदि आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पास काफी किफायती साबित होता है। 3075 रुपये में 200 यात्राओं का मतलब है कि प्रति यात्रा औसत लागत लगभग 15 रुपये के आसपास आती है। जबकि वास्तविकता यह है कि कई टोल प्लाजा पर एक बार का शुल्क 50 रुपये से लेकर 100 रुपये या उससे भी अधिक होता है। इस तुलना से स्पष्ट है कि जो लोग बार-बार हाईवे पर यात्रा करते हैं उनके लिए यह पास काफी लाभदायक है। यह न केवल पैसे की बचत करता है बल्कि यात्रा को भी अधिक सुगम और तनावमुक्त बनाता है। फास्टैग तकनीक का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे टोल प्लाजा पर रुकने की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाती है। वाहन जैसे ही टोल लेन से गुजरता है, रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन तकनीक के माध्यम से टोल राशि स्वतः कट जाती है। इससे वाहनों की गति बनी रहती है और ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाती है। पहले जहां टोल प्लाजा पर कई किलोमीटर लंबी कतारें लग जाती थीं, वहीं अब यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो चुकी है। इससे ईंधन की बचत भी होती है और पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव भी कम होता है। सरकार इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी सुधार भी कर रही है। अब फास्टैग को वाहन पंजीकरण के केंद्रीय डेटाबेस से जोड़ा जा रहा है ताकि प्रत्येक टैग सीधे संबंधित वाहन से जुड़ा रहे। इससे फर्जीवाड़ा और एक ही टैग को कई वाहनों में इस्तेमाल करने जैसी समस्याओं पर रोक लग सकेगी। डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया से यह भी सुनिश्चित होगा कि केवल वैध वाहन ही इस सुविधा का लाभ उठा सकें। इससे पूरी टोल प्रणाली अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनेगी। फास्टैग एनुअल पास केवल राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर ही लागू होता है। राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित टोल प्लाजा पर सामान्य फास्टैग शुल्क लागू रहता है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई वाहन चालक किसी राज्य राजमार्ग या निजी एक्सप्रेसवे पर यात्रा करता है तो वहां अलग से टोल देना पड़ सकता है। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करने वाले अधिकांश यात्रियों के लिए यह योजना काफी उपयोगी साबित हो रही है, क्योंकि देश के प्रमुख परिवहन मार्ग इन्हीं राजमार्गों से होकर गुजरते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जहाँ में खुदा खुद समझता रहा है। कठिन दौर जालिम बिखरता रहा है ।। मगर उफ़ ठहरती कहाँ जिंदगी में- उन्हें अस असर मन ठहरता रहा है।। विरह जिंदगी की तमन्ना उमर थी - अजब चाँदनी में निखरता रहा है ।। दफा दर्द शबनम निशा की कला थी दगा बेवफा मन सँवरता रहा है।। चहक मैं ललक थी गगन उड़ चला खग महक गुल गुलिस्ताँ निखरता रहा है ।।

- राजकिशोर मिश्र

ऊपरी तौर पर किसी को देखकर अनुमान लगाना मुश्किल होता है कि वह इंसान कितना सुखी है। हंसता खिलखिलाता हुआ व्यक्ति भी कई दफा कितना टूटा हुआ होता है। ऊपर से खुशमिज़ाज दिखने वाला इंसान भी भीतर से कितना मायूस होता है। सोशल मीडिया पर तो यह अनुमान और भी कठिन हो जाता है।

- प्रियंका प्रियदर्शनी

औरतें रेत की तरह ही गिट्टी,गारे के संग रही कहते हैं कि रेत पर कोई दीवार खड़ी नहीं हो सकती पर उतना ही सच है कि बिना रेत के कोई मकान बन भी तो नहीं सकता उसे कब मकान का महत्वपूर्ण अंग समझा जाएगा।

- सपना चन्द्रा

ऐसे ही बौराए फिरते हो, कभी घर में भी तो जिया करो खाना बाहर, पीना बाहर, सर्कस और सिनेमा बाहर सोना बाहर, जगना बाहर, ओढ़ना और बिछौना बाहर बाहर बाहर सांस छोड़ते अंदर भी तो लिया करो ऐसे ही बौराए फिरते हो, कभी घर में भी तो जिया करो **- राकेश मिश्रा**

पुराना दोस्त और फादरलैंड, माय फ्रेंड ग्रुप के बीच युद्ध का असर विश्व कई देशों के नागरिकों के बुनियादी जीवन, आवश्यकताओं पर पड़ा है..... इकोनॉमी पर भी गहरी चोट है! मीडिया का बड़ा तबका उन प्रभावों पर अधिक विमर्श के बजाय प्राचीन समय के युद्धकाल में हजार दीनारी दरबारी रासो रचिता जैसी भूमिका में अधिक नजर आ रहा है!

- हेमन्त बस्तरिया

ज़हन में कुछ और कुछ और जुबां पे रखता है, उसे खुद पता नहीं है वो मुझे कहां पे रखता है, जिससे झूठ तक परेशां वो सच का ठेकेदार है, दिए में तेल नहीं और इल्ज़ाम हवा पे रखता है, चुप्पी धर के उसके लिए आसानी कर दी मैंने, देखना ये है मेरी चुभन को कहां पे रखता

- अनिल अनमोल शर्मा

आज का चिंतन धरती पर भूख इसलिए नहीं है कि खेतों में अन्न कम उगता है भूख इसलिए है क्योंकि दिलों में दया कम उगती है। जिस दिन इंसान रोटी से पहले इंसानियत उगाने लगेगा, उस दिन दुनिया में कोई भूखा नहीं सोएगा।

- रेनू 'शब्दमुखर'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज का दिन भी आपके लिए शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज आपको स्त्री वर्ग का विशेष सहयोग मिलेगा जिससे व्यवस्थाएं सुधारने में आसानी होगी। ऐश्वर्य वृद्धि के साथ ही धन लाभ उत्तम रहेगा।

वृष: आज दिन के आरंभिक भाग में ईश्वरीय भजन पूजन में विशेष रुचि लेंगे मानसिक एवं शारीरिक रूप से चुस्त रहंगे। संध्या के समय थकान अधिक रहेगी।

मिथुन: आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से उतार चढ़ाव वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही सुस्ती बनी रहेगी जिस कारण कार्य क्षेत्र पर भी विलम्ब होगा।

कर्क: आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम बना रहेगा।

सिंह: आज के दिन आपको मिला जुला फल मिलेगा। एक पल में खुशी के समाचार मिलने से आनंदित हो उठेंगे अगले ही पल किसी अन्य कारण से चिंता की स्थिति बनेगी।

कन्या: आज के दिन आप लोगो के विरोध एवं प्रतिस्पर्धा के बाद भी लाभ पाने में सफल रहेंगे लेकिन आज आपका स्वभाव अंदर से कुछ बाहर से कुछ रहेगा फिर भी आपकी लोगो से काम निकालने की कला आज अवश्य काम आएगी।

तुला: आज का दिन भी आपके प्रतिकूल ही रहेगा। मनोकामना पूरी ना होने अथवा लोगो का व्यवहार आपके अनुकूल ना रहने पर क्रोध आएगा। रक्त-पित्त संबंधित समस्या रहेगी।

वृश्चिक: आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभ वाला रहेगा इसके अतिरिक्त व्यवसाय में वृद्धि होने के योग है नए कार्य का आरंभ भी आज करना शुभ रहेगा।

धनु: आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से मामूली बात पर झगड़ा हो सकता है फिर भी स्थिति ज्यादा गंभीर नही होगी।

मकर: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज मन इच्छित कार्य होने से दिन भर उत्साहित रहेंगे कार्यो के प्रति गंभीरता कम रहेगी फिर भी आर्थिक रूप से दिन संतोषजनक ही रहेगा।

कुंभ: आज के दिन भी आपको कार्य व्यवसाय से संबंधित एवं घरेलू समस्याएं लगी रहेंगी। दिनचर्या को सामने बनाए रखने के लिए स्वयं में परिवर्तन लाएं। आवश्यकता पड़ने पर सहायता मिलना मुश्किल रहेगा।

मीन: आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा। सामाजिक मान-सम्मान मिलेगा लेकिन क्रोध को वश में रखें अन्यथा परिणाम उल्टे भी हो सकते है। बेरोजगार लोगो का परिश्रम आज खाली नही जाएगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गोवा के पास भारत और इटली के बीच नौसैनिक अभ्यास में किस भारतीय विमानवाहक पोत ने भाग लिया?

2) प्राचीन और अत्यधिक अपक्षयित मिट्टी में फॉस्फोरस के प्रमुख 'गेटकीपर' के रूप में किस जीव समूह की पहचान की गई है?

3) हाल ही में भारत की पहली निजी सैन्य विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किस राज्य में हुआ?

4) दुनिया का पहला 'कैशलेस समाज' कौन सा देश बना है?

5) हाल ही में जापान में पीएम मोदी को उपहार में दी गई दारुमा गुड़िया किस भारतीय भिक्षु के मॉडल पर आधारित है?

उत्तरमाला- (1) आईएनएस विक्रमादित्य (2) मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मजीव (3) गुजरात (4) स्वीडन (5) बौद्ध भिक्षु बोधिधर्म

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 344

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल

गांजा, ब्राउन शुगर के साथ हजारों नशीली गोलियां बीएसपी के मेल्टिंग शॉप में नष्ट

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज 58 मामलों में जब्त करीब 6 क्विंटल से अधिक गांजा, ब्राउन शुगर, नशीली टेबलेट, कैप्सूल और सिरप का वैधानिक तरीके से नष्टीकरण किया। बीएसपी के मेल्टिंग शॉप 3 में गांजा, ब्राउन शुगर, टेबलेट और कैप्सूल नष्ट किये गए, जबकि नशीले सिरप का नष्टीकरण थाना नेवई क्षेत्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया।

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट करने के लिए जिला स्तर पर ड्रग्स डिस्पोजल समिति बनाई गई है। समिति के सदस्यों की मौजूदगी में सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

नष्ट किये गए मादक पदार्थों में 612.515 किलोग्राम गांजा, 6.550 ग्राम ब्राउन शुगर, 78333 नशीली टेबलेट, 23,200 कैप्सूल और 197 नशीले सिरप शामिल हैं। इन सभी को अलग-अलग स्थानों पर तय प्रक्रिया के अनुसार नष्ट किया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

ई-ऑफिस क्रियान्वयन में दुर्ग जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

■ **कलेक्टर के मार्गदर्शन में मिली बड़ी सफलता**

दुर्ग/नवप्रदेश। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, गतिशीलता और पेपरलेस गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन में दुर्ग जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, ई-फाइल काउंट के मामले में दुर्ग जिला 9,957 फाइलों के साथ पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है। कलेक्टर अभिजित सिंह के कुशल मार्गदर्शन और उनके द्वारा की गई निरंतर मॉनिटरिंग के कारण यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। जिले में इस प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इससे कार्यालयीन फाइलों के निपटान में तेजी आई। प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनी है। कलेक्टर सिंह ने स्पष्ट किया है कि ई-ऑफिस केवल एक सॉफ्टवेयर नहीं है, यह कार्य संस्कृति में क्रांतिकारी बदलाव है, जिससे आम जनता के कार्यों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश स्तर पर ई-ऑफिस की वर्तमान स्थिति के अनुसार सक्ती जिला प्रथम स्थान पर है। सक्ती जिले को शासन द्वारा ई-ऑफिस के सफल क्रियान्वयन के लिए एक 'प्रयोग जिले' के रूप में विकसित किया गया था, जहाँ शुरुआती दौर में इस तकनीक का व्यापक परीक्षण किया गया। इस मॉडल डिस्ट्रिक्ट पहल के कारण सक्ती जिले को आंकड़ों में उल्लेखनीय बढ़त मिली। दुर्ग जिले ने अपनी सक्रियता और बेहतर प्रशिक्षण रणनीति के माध्यम से बहुत कम समय में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप, जिले के सभी सरकारी विभागों में अब भौतिक फाइलों के स्थान पर डिजिटल फाइलों के चलन को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे भविष्य में 'जीरो पेंडेंसी' के लक्ष्य को प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलेगी।

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी शुरुआत एचपीवी वैक्सीन अभियान का शुभारंभ

दुर्ग। जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए जीवन रक्षक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अभियान का शुभारंभ सांसद विजय बघेल के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं तक यह जीवन रक्षक वैक्सीन पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में पाए जाने वाले प्रमुख कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है और प्रत्येक 6 कैंसर पीड़ित महिलाओं में से 1 महिला इस बीमारी से प्रभावित होती है। समय पर टीकाकरण से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज को सभी टीकाकरण स्थलों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि यह टीका जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से 2 बजे तक लगेगा।

नगर निगम की बजट सभा आज

दुर्ग। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 17 मार्च मंगलवार को सुबह 11 बजे से निगम मुख्यालय में स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता निगम सभापति श्याम शर्मा करेंगे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, एमआईसी सदस्यगण, समस्त पार्षद और निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में नगर निगम के बजट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11:30 बजे से प्रश्नकाल प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें पार्षदगण शहर के विकास व जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपने प्रश्न और सुझाव रखेंगे।

खेत में जुआ खेल रहे 13 गिरफ्तार

दुर्ग। शहर के पंचशील नगर मोहलई क्षेत्र में खेत के बीच जुआ खेल रहे 13 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नगद रकम, मोबाइल फोन, ताश के पत्ते सहित कुल 2 लाख 97 हजार रुपए की जप्ती की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्र ने बताया कि सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोहलई के खेत में जुए की फड़ सजी है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और एसीसीयू टीम ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा।

अवैध कबाड़ कारोबार पर पुलिस की रेड

दुर्ग। जिले में कबाड़ के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस ने विभिन्न स्क्रैप कारोबारियों की दुकानों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान लोहे का स्क्रैप, पुराने वाहन और पार्ट्स सहित कबाड़ सामग्री जब्त की गई है। 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। एएसपी दुर्गा मणि शंकर चंद्र ने बताया कि दुर्ग में अवैध कबाड़ की सूचना मिलने पर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। तकियापारा, नयापारा रोड, आरबीएस बस गैरेज के पास और मोतीपारा लुचकी तालाब के सामने छापेमारी की गई। तितुरडीह क्षेत्र में एक कबाड़ी की दुकान में 5 सौ किलो पुराने लोहे के कार पार्ट्स जप्त किया गया। अंडा थाने के विनायकपुर रोड स्थित दुकान से डेढ़ क्विंटल वाहन स्क्रैप और कबाड़ बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद सलमान, शोएब आजमी, मोहम्मद एजाज, दिलबाग सिंह ढिल्लन, मोहम्मद जावेद शामिल हैं।

विधानसभा घेरने दुर्ग से हजारों कार्यकर्ता जाएंगे रायपुर : वोरा

दुर्ग। आगामी 17 मार्च को कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से हजारों कार्यकर्ता राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आज दुर्ग के राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर व दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कल होने वाले विधानसभा घेराव के लिए व्यापक तैयारी कर ली है। कांग्रेस कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ की जनता की आवाज बनकर विधानसभा तक पहुंचेंगे और प्रदेश की मौजूदा सरकार से उन सवालों का जवाब मांगेंगे, जिनसे आज प्रदेश का हर वर्ग जूझ रहा है। वोरा ने कहा कि 2023 से जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश की कानून-व्यवस्था लचर हो चुकी है, अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, महंगाई और बेरोजगारी ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि आज न किसान खुश है, न युवा संतुष्ट है।

रिसाली निगम में सफाई ठेका विवाद, आयुक्त चेंबर के बाहर धरने पर बैठीं महापौर बेहोश होकर अस्पताल पहुंचीं

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम रिसाली में सफाई ठेके को लेकर विवाद के बीच आज महापौर शशि सिन्हा धरने पर बैठ गई। आज सुबह सफाई कर्मचारियों ने महापौर शशि सिन्हा के घर का घेराव किया था। कर्मचारियों का कहना था कि सफाई व्यवस्था और ठेके से जुड़े फैसलों की वजह से काम प्रभावित हो रहा है। इस मामले को लेकर महापौर सीधे निगम कार्यालय पहुंची। काफी देर तक इंतजार के बाद भी आयुक्त के बाहर न आने पर महापौर नाराज हो गईं और उन्होंने आयुक्त के चेंबर के बाहर धरना शुरू कर दिया। कांग्रेस के कई पार्षद भी आयुक्त के कक्ष के सामने धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर पुलिस बल तैनात किया और एसडीएम भी स्थिति पर नजर बनाए रहे। एमआईसी सदस्यों ने बताया कि महापौर सुबह से बैठी रहीं। इस दौरान उन्होंने न तो कुछ खाया और न ही पानी पिया। समय बीतने के साथ उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। दोपहर करीब 4 बजे अचानक वे बेहोश हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर अस्पताल पहुंचाया। उन्हें जवाहरलाल नेहरू अस्पताल सेक्टर-9 में भर्ती कराया गया। शाम करीब 5 बजे तक भी उन्हें पूरी तरह होश नहीं आया था और डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे थे।

सफाई ठेके को लेकर महापौर परिषद के सदस्य और सभापति ने जिला कलेक्टर दुर्ग को एक पत्र भी भेजा है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि सफाई ठेके की प्रक्रिया में गड़बड़ी की जा रही है और ठेकेदार को फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। महापौर परिषद की बैठक में यह तय किया गया था कि नई निविदा प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी।

शासन के निर्देश का इंतजार : आयुक्त

रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि सफाई का ठेका जनवरी में खत्म हो गया था। व्यवस्था बनाए रखने के लिए इसे 14 मार्च तक बढ़ाया गया था। नए टेंडर को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन अभी तक वहां से कोई निर्देश नहीं मिले हैं। इसलिए आगे की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। महापौर परिषद की ओर से सफाई कर्मियों को सीधे भुगतान करने का प्रस्ताव दिया गया है, लेकिन यह नगरीय प्रशासन विभाग नियम 2016 के अनुरूप नहीं है। आगे की कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की जाएगी।

अंतर-विभागीय एथलेटिक्स मीट संपन्न

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित भिलाई इस्पात संयंत्र अंतर-विभागीय एथलेटिक्स मीट 2026 (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन सेल एथलेटिक्स अकादमी, सेक्टर 4 में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी एथलेटिक्स क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार और समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन) जेएन ठाकुर रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप महाप्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग) राजेंद्र प्रसाद ने प्रतियोगिता के संबंध में बताया कि एथलेटिक्स मीट में संयंत्र के विभिन्न विभागों से लगभग 95 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें पुरुष व महिला वर्गों के प्रतिभागी शामिल थे। प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 12 स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें पुरुष व महिला वर्ग की प्रतियोगिता अलग-अलग आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया और प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण प्रदर्शन की सराहना की गई। इस अवसर पर संयंत्र प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी खेल गतिविधियों में सहभागिता बनाए रखने कहा।

नगरीय निकाय उपनिर्वाचन-26 की तैयारी शुरू

■ **मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी**

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नवा रायपुर के निर्देशानुसार दुर्ग जिले में नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर निगम भिलाई और नगर निगम रिसाली निकायों की मतदाता सूचियों का 1 अप्रैल 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार व पुनरीक्षण किया जाएगा। नगरीय निकायों की मतदाता सूची तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन अधिनियम के तहत संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर और अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग को अपीलीय प्राधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर निगम भिलाई के वार्ड 1 और नगर निगम रिसाली के वार्ड 2 और 39 में होने वाले उप निर्वाचन के लिए मतदाता सूचियों का तैयार व पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

भारतमाला प्रोजेक्ट में पुल की ऊंचाई बढ़ाने ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में भारतमाला सड़क परियोजना को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। अंजोरा गांव में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क व पुल निर्माण कार्य की मौजूदा डिजाइन का विरोध कर रहे थे। इस डिजाइन से इलाके के किसानों और गांवों को भविष्य में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रहे पुल और अंडरपास की ऊंचाई काफी कम है। फसल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और गांव में बनने वाली बड़ी मूर्तियां इस रास्ते से नहीं निकल पाएंगी। इस इलाके में धान खरीदी केंद्र भी है, इसलिए बड़े वाहनों का आना-जाना जरूरी रहता है। तहसीलदार वासुमित्र दीवान ने बताया कि 500 मीटर का कॉलम-ब्रिज बनाने और अंडरब्रिज को 5.5 मीटर करने की मांग की जा रही है। इस संबंध में एनएचएआई से चर्चा की गई है। प्रपोजल भेजा जा चुका है, अनुमोदन का इंतजार कर रहे हैं। स्वीकृति मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने शिवनाथ नदी पर बन रहे पुल को लेकर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि पुल की मौजूदा लंबाई करीब 120 मीटर रखी गई है, जबकि इस इलाके में करीब 600 मीटर तक का क्षेत्र हर साल बाढ़ के पानी में डूब जाता है। ऐसे में पुल की लंबाई बढ़ाकर कम से कम 500 मीटर तक करने की मांग की जा रही है ताकि बारिश के समय पानी आसानी से निकल सके और गांव व खेतों में पानी न भरे। करीब 2500 हेक्टेयर से ज्यादा कृषि भूमि इस समस्या से प्रभावित हो सकती है। इस परियोजना से घनौद, बिरेसर, चंगोरी और अंजोरा (ख) गांव के किसान और ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं।

मॉल के सामने अवैध पार्किंग, एक हिरासत में

■ **पुलिस ने दी दबिश, कई वाहन जब्त**

भिलाई। जुनवानी स्थित सूर्या मॉल के सामने फुटपाथ पर काफी समय से अवैध पार्किंग कर रहे आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मॉल के सामने निगम की जमीन पर वाहन पार्किंग शुल्क वसूलने के कारण यह कार्रवाई की गई। यहां लोगों से बाकायदा रसीद काटकर पार्किंग शुल्क वसूल किया जा रहा था। देर रात ट्रैफिक पुलिस और स्मृति नगर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। सूर्या मॉल के सामने फुटपाथ पर बड़ी संख्या में बाइक और कार खड़े किये गए थे। यहां रसीद काटकर पार्किंग शुल्क लिया जा रहा था। कार से 60 रुपए और बाइक से 20 रुपए लिया जा रहा था। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में कार्रवाई के दौरान कई वाहन मालिकों को ई-चालान थमाया गया। जिन वाहनों के मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे, उन वाहनों को जब्त कर नेहरू नगर ट्रैफिक पुलिस कार्यालय ले जाया गया। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने धारा 285 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि नगर निगम की जमीन पर बिना अनुमति पार्किंग चलाकर लोगों से पैसे वसूलना गैरकानूनी है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सूर्या मॉल के मैनेजर विनोद सिंह से भी पूछताछ की। मैनेजर ने बताया कि मॉल के बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था है। मॉल परिसर के बाहर हो रही पार्किंग से उनका कोई संबंध नहीं है। सड़क किनारे फुटपाथ पर आशीष कुमार नाम का व्यक्ति वाहनों की पार्किंग कराता है और शुल्क वसूलता है।

31 तक संपत्तिकर जमा ना करने पर लगेगा जुर्माना

■ **कर वसूली को लेकर कुम्हारी पालिका सख्त**

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगरपालिका में राजस्व विभाग ने संपत्ति सहित अन्य करों की वसूली तेज कर दी है। वहीं बकाया करों का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू कर दी है। बावजूद इसके अभी भी कई बकायादार करों के भुगतान को लेकर गंभीर नहीं हैं, लिहाजा 31 मार्च के बाद ऐसे बकायादारों को लेकर सख्ती बरतने की तैयारी में है। एक अप्रैल से बकाया करों का भुगतान करने पर पालिका एक हजार रुपए जुर्माना और 6.25 सरचार्ज वसूलेगा। टैक्स जमा करने के लिए सुबह 9 बजे शाम 6 बजे तक काउंटर खुले रखे जा रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय के साथ-साथ वार्ड के प्रमुख स्थानों में भी टैक्स की राशि जमा करने हेतु शिविर लगाए है जहां करदाता कर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा करदाताओं की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा करने के लिए यू पी आई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

पालिका प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चेक के माध्यम से टैक्स का भुगतान केवल 18 मार्च तक ही स्वीकार किया जाएगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर ने बताया कि नगरवासियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना चाहिए और करों का भुगतान प्रथम प्राथमिकता के रूप में जमा कर निश्चिंत हो जाएं। कई हितग्राहियों को बार बार सूचना देने के बावजूद इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं उन सबके लिए यह अंतिम अवसर है कि वे अपने समस्त करों का भुगतान कर अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करें।

महाराजा चौक और पोटिया चौक में बनेगा फ्लाई ओव्हर: कलेक्टर ने दुर्ग-भिलाई सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किया प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण

सड़क चौड़ीकरण करने हटाए जाएंगे अतिक्रमण, केनाल रोड से कब्जे हटाने के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गत दिवस लोक निर्माण विभाग सड़क/ सेतु/ विद्युत यांत्रिकी, नगर निगम, राजस्व और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ दुर्ग-भिलाई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चौड़ीकरण के लिये स्वीकृत सड़कों का निर्माण शुरू कराने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने जेल तिराहा से मिनीमाता चौक तक फोरलेन निर्माण करने महाराजा चौक और पोटिया चौक से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

यहां पर मार्किंग कर अतिक्रमण हटाने और स्ट्रीट लाईट शिफ्टिंग कार्य प्रारंभ करने निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। महाराजा चौक से बोरसी चौक तक सड़क चौड़ीकरण हेतु भू-अर्जन की कार्यवाही करने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर महाराजा चौक और पोटिया चौक पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज बनाए जाएंगे। सेतु निर्माण विभाग द्वारा निर्माण किया जाएगा। पोटिया चौक से मिनीमाता चौक तक भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं होगी।

कलेक्टर सिंह ने महमरा से नगपुरा जालबांधा रोड का भी अवलोकन किया। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए सड़क के अगल-बगल अतिक्रमण हटाने संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित करने और निर्धारित तिथि के पूर्व हटाने अधिकारियों को निर्देशित करने कहा। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए सड़क पर निर्मित होने वाले ब्रिज की चौड़ाई 13 के बजाय 14 मीटर कराने शासन को आवश्यक पत्राचार करने ब्रिज निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने भ्रमण के दौरान ग्राम नगपुरा में महाविद्यालय भवन के लिए चिन्हांकित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम सेवती में सिंह फ्लाई एस ब्रिक्स द्वारा सड़क अतिक्रमण का जायजा लिया और राजस्व अधिकारियों को सड़क के मापदण्ड को ध्यान में रखते हुए मार्किंग कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने भिलाई नगर निगम अंतर्गत अवंती बाई चौक कोहका से खुर्सीपार तक लगभग 5 किमी केनाल सड़क का भी पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया।

कलेक्टर ने बाईपास विकल्प के रूप में सिरसा गेट से तर्रा-फुण्डा-सेलूद-उतई मार्ग का भी अवलोकन किया। उन्होंने उतई में निर्माणाधीन उतई बायपास रोड के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। आवश्यक जमीन हेतु बीएसपी से समन्वय कर भू-अर्जन प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य एजेंसी विभाग को जमीन उपलब्ध कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर लोनिवि ईई आशीष भट्टाचार्य, सेतु विभाग कार्यपालन अभियंता सीके पाण्डेय, विद्युत मण्डल ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता छगन शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, आयुक्त राजीव पाण्डेय, एसडीएम भिलाई हितेश पिस्दा, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

106 करोड़ के अवैध मिनरल ट्रेड का बड़ा खेल, फर्जी बिल से हो रही थी स्पंज आयरन की तस्करी

■ तीन आरोपी गिरफ्तार, कई कंपनियां जांच के घेरे में

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में टोल जांच के दौरान करोड़ों रुपये के अवैध मिनरल ट्रेड का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि हाईवे पर चलने वाले ट्रकों से स्पंज आयरन चोरी कर उसे फर्जी बिलों के जरिए विभिन्न कंपनियों में खपाया जा रहा था। इस पूरे नेटवर्क में अब तक करीब 106 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध लेनदेन के संकेत मिले हैं, जबकि जांच में करोड़ों रुपये के हवाला ट्रांजेक्शन के भी प्रमाण सामने आ रहे हैं।

पुलिस के अनुसार 25 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 4585 और सीजी 07 एबी 5290 के माध्यम से अवैध रूप से स्पंज आयरन का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने ट्रकों को रोककर जांच की। पूछताछ में ट्रक

चालकों सोनूलाल मोंगरे और रामेश्वर मानिकपुरी से जब स्पंज आयरन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

इस पर पुलिस ने माल को धारा 106 बीएनएस के तहत जब्त कर लिया। मामले में आगे की जांच के दौरान पता चला कि रंजीत सिंह (45), निवासी लोहराचट्टी, थाना सोहेला, जिला बरगढ़ (ओडिशा) द्वारा अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रकों से चोरी किए गए स्पंज आयरन का भंडारण कर फर्जी बिलों के जरिए रायपुर के उरला क्षेत्र में परिवहन कराया जाता था।

इस मामले में थाना बसना में बीएनएस की धारा 318(4), 316(4), 317(2), 336(2), 338, 340, 3(5) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर सोनूलाल मोंगरे, रामेश्वर मानिकपुरी और रंजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि रायगढ़ जिले के गढ़उमरिया (पुसौर) स्थित एक इस्पात कंपनी के संचालक तारक घोष द्वारा फर्जी बिल उपलब्ध कराए जाते थे। पुलिस ने जांच के बाद 8 मार्च 2026 को तारक घोष (56), निवासी शांति विहार कॉलोनी, माझापारा रेताराई, जिला रायगढ़ को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि तीन मजदूरों के नाम पर शेल कंपनियां बनाकर फर्जी इनवॉइसिंग की जाती थी। इन कंपनियों के जरिए बड़े उद्योगों के नाम पर बिल तैयार किए जाते थे, जबकि वास्तविक स्पंज आयरन चोरी और अवैध भंडारण के माध्यम से लाया जाता था।

इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के सहारे हाईवे से परिवहन कर बिचौलियों के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में खनिज को खपाया जाता था। इस पूरे नेटवर्क में करीब 106 करोड़ रुपये से अधिक का ट्रेड और लेनदेन सामने आया है, जो अब जांच के दायरे में है।

न्यूज गैलरी

मंडी, उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 22 मार्च को होगा मेगा टेस्ट

महासमुंद/नवप्रदेश। नवकिरण अकादमी व जिला ग्रन्थालय द्वारा आगामी मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 मेगा टेस्ट सीरीज नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय द्वारा लिया जाएगा। जिला समन्वयक डी बसंत साव ने बताया कि मंडी उपनिरीक्षक भर्ती के 04 टेस्ट सीरीज क्रमशः 22 मार्च (रविवार) को पेपर -1 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -01, 29 मार्च पेपर-2, 05 अप्रैल को पेपर -3 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -03, 12 अप्रैल को पेपर 4 संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट -04 का आयोजन किया जाएगा।

सरोवर संरक्षण और शुद्धता बनाए रखना चाहिए : पं. प्रवीण कृष्ण

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बम्हनी में श्रीमद् भागवत कथा का

बखान करते हुए पं. प्रवीण कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने माखन चोरी की लीला के माध्यम वात्सल्य भाव को प्रकट किया है। महाराज ने इस बात को रेखांकित किया कि कंस के यहां माखन देने के बजाए अपने बच्चों को भरपूर माखन खिलाए एक तरह से कंस की नगरी मथुरा में आर्थिक नाकेबंदी के रूप में भी इसे देखा जा सकता है। इसके अलावा भगवान श्रीकृष्ण ने बचपन में अनेक असुरों का उद्धार किया। कालिया नाग मर्दन में जल संरक्षण का भाव स्पष्ट है, क्योंकि जल के बिना सब सूना है, इसलिए जब यमुना का जल कालिया नाग के जहर से दूषित होने लगा, तो भगवान कृष्ण ने गेंद खेल के माध्यम से यमुना में गए और कालिया नाग का मर्दन किया हमें भी अपने सरोवरों का विशेष ध्यान रखते हुए जल संरक्षण और शुद्धता का ख्याल रखना चाहिए।

मेगा सत्संग का हुआ आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित मेगा सत्संग 13 मार्च को सफलतापूर्वक हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग के इस मेगा सत्संग को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने हॉल निःशुल्क उपलब्ध कराया । आयोजन में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा समय-समय पर सत्संग सेवा एवं अन्य सृजनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा 16 से 20 मार्च तक स्वाध्याय भवन महासमुंद में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन सुबह 6 से 9 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

महिला ने की पति के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना की शिकायत

महासमुंद/नवप्रदेश। एक शिक्षिका ने पति के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रायतुम निवासी शिक्षिका प्रतिमा दीक्षित ने बताया कि पति मनोज शर्मा द्वारा विगत 6 माह से मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने शिकायत की है कि पति घर का दरवाजा, ताला तोड़ देते हैं, साथ ही राशन भी बेच देते हैं। 14 मार्च को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 351(2) 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

संत माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति और समर्पण का प्रतीकः निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। संत माता कर्मा जयंती के अवसर पर शहर सहित विभिन्न ग्रामों में भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। नगर के लोहिया चौक एवं ग्राम बोरियाझर, झलप क्षेत्र के ग्राम लखनपुर तथा ग्राम कौंदकेरा में आयोजित माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर नगर पालिका अध्यक्ष ने माता कर्मा की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

इस दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि संत माता कर्मा भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त थीं। वे भगवान को पुत्र के रूप मे मानकर रोज सुबह बाजरे की गर्म खिचड़ी का भोग लगाते थे। उनके निश्छल भक्ति और प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ ने साक्षात उन्हे दर्शन दिया और उनके हाथों से खिचड़ी प्रसादी ग्रहण किया। हम सौभाग्यशाली हैं, कि महान संत भक्त माता माता कर्मा की जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन सेवा, भक्ति और समाज कल्याण की भावना से ओतप्रोत है। जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। भक्त माता कर्मा ने अपने जीवन में यह संदेश दिया की सच्ची श्रद्धा, समर्पण और परिश्रम के साथ समाज सेवा करने से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उनके आदर्श विचार समाज को एकता, सद्भाव और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में भक्त माता कर्मा के प्रति समाज में गहरी आस्था है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन व ग्रामीण उपस्थित थे।

सफाई और सुरक्षा टेंडर में गड़बड़ी! जेम पोर्टल से गायब हुई जानकारी, ऑफलाइन बांटा दिया ठेका

मेडिकल कॉलेज में 1.50 करोड़ का टेंडर खेल!

■ जेम पोर्टल दरकिनार, चहेते ठेकेदार मालामाल

■ जेम पोर्टल से बिड खुली, लेकिन ऑर्डर ऑफलाइन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज में सफाई और सुरक्षा गार्ड व्यवस्था से जुड़े करीब डेढ़ करोड़ से अधिक के टेंडर में बड़ी अनियमितता सामने आई है। वित्तीय अधिकार न होने के बावजूद डीन की अनुपस्थिति में क्रय समिति के पदाधिकारियों और लिपिक ने मिलकर शासकीय जेम (त्नद्गरू) पोर्टल की अनिवार्य प्रक्रिया को नजरअंदाज करते हुए मैनुअल टेंडर जारी कर दिया। इस पूरे मामले का सनसनीखेज खुलासा सूचना के अधिकार के जरिए हुआ है।

सुरक्षा निधि में भी देखी गई गड़बड़ी

दस्तावेजों के अनुसार मेटास कंपनी से 3 लाख 20 हजार रुपये का एफडीआर (सुरक्षा निधि) यूनियन बैंक से जमा कराया गया, जबकि बुंदेला सिक्योरिटी के अनुबंध में 2 लाख 40 हजार रुपये सुरक्षा निधि का उल्लेख तो है, लेकिन उसका एफडीआर जमा होने का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

डीन की गैरमौजूदगी में पूरी हुई प्रक्रिया

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार मेडिकल कॉलेज के डीन की गैरमौजूदगी में क्रय समिति के अध्यक्ष, सदस्यों और लिपिकों ने 15 और 20 जनवरी 2025 को टेंडर प्रक्रिया पूरी की। नियमों के अनुसार साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए टेंडर जेम पोर्टल के माध्यम से जारी होना था। दस्तावेज बताते हैं कि जेम पोर्टल पर तकनीकी मूल्यांकन और वित्तीय बिड खोली भी गई, लेकिन मैनपावर आपूर्ति का ऑर्डर पोर्टल के माध्यम से जारी नहीं किया गया। बताया जाता है कि अधिकारियों ने महज आधे घंटे के भीतर पोर्टल से प्रिंटआउट लिया और सिस्टम से बाहर निकल गए।

फिर ऑफलाइन जारी कर दिया ठेका : इसके बाद 26 मई और 26 जून 2025 को ऑफलाइन अनुबंध करते हुए ठेका जारी कर दिया गया। मेटास सिक्योरिटी एंड फायर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को सफाई व्यवस्था के लिए 75,09,007 रुपये, बुंदेला सिक्योरिटी एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को सुरक्षा व्यवस्था के लिए 75,09,007 रुपये इस प्रकार दोनों अनुबंधों की कुल राशि करीब पौने दो करोड़ रुपये तक पहुंचती है।

नियमों का उल्लंघन कर जारी किया ऑफलाइन आदेश

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव का कहना है काफी गंभीर मामला है। अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर टेंडर दिया गया है। कही भी क्रय नियम का पालन नही किया गया है। छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों के अनुसार सरकारी खरीद प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से ही की जानी चाहिए, लेकिन इस मामले में ऑनलाइन प्रक्रिया अधूरी छोड़कर ऑफलाइन ठेका जारी कर दिया गया, जिससे चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने की आशंका है।

जेम पोर्टल से जानकारी गायब

आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा जेम पोर्टल से संबंधित दस्तावेजों की हार्ड कॉपी मांगी गई तो मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने लिखित में बताया कि कॉन्ट्रैक्ट ऑर्डर की कॉपी जेम पोर्टल में उपलब्ध नहीं है। इससे पूरे मामले में गंभीर संदेह और गहरा गया है।

क्रय समिति के सदस्य

मेडिकल कॉलेज की क्रय समिति में शामिल सदस्य इस प्रकार हैं —

अध्यक्ष एवं क्रय अधिकारी -अलखराम वर्मा

सदस्य - डॉ. बसंत महेश्वरी

डॉ. ओंकार कश्यप

डॉ. चंद्रपाल भगत

डॉ. दिप्ती गौतम

डॉ. शेष नारायण चंद्राकर

डॉ. अनिल सिंह

सहायक ग्रेड-2 - मुकेश देवांगन ।

डीन का पक्ष : मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहाने का कहना है कि जेम पोर्टल से एल-वन के बाद नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई गई है।

जनपद सदस्य करेंगे 19 से आमरण अनशन

महासमुंद/नवप्रदेश। जनपद सभापति सुधा योगेश्वर चन्द्राकर ने कहा कि पंचायती राज के निर्वाचन के 1 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी अब तक महासमुंद जनपद पंचायत सदस्यों को जनपद विकास निधि की राशि , 15 वें वित्त की राशि अप्राप्त है ,जिससेजनपद सदस्यों के क्षेत्रों में विकास कार्य लंबित है उन्होने कहा कि सदस्यों से क्षेत्र की जनता विभिन्न कार्यों की मांग को लेकर लगातार मांग कर रही है परन्तु विभागीय अधिकारियों की लापरवाही जन प्रतिनिधि और ग्रामीण भुगतने विवश हैं। 26 जनवरी के पूर्व इन्ही मांगों को लेकर जब जिलेभर के सदस्यों ने आंदोलन किया था, तो जिला सीईओ ने 26 जनवरी के पहले सभी पंचायतों , जनपद एवं जिला सदस्यों को विकास निधि एवं 15 वें वित्त की राशि जारी करने का आश्वस्त किया था पर सदस्यों को अब तक न उनकी निधि की राशि प्राप्त हुई है न ही 15 वें वित्त की राशि , जिससे 19 मार्च से जनपद परिसर में टेंट लगाकर आमरण अनशन में बैठने विवश होंगे।

छात्रा से छेड़छाड़ मामले में समझौते का दबाव

पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

छुईखदान/नवप्रदेश। थाना छुईखदान क्षेत्र के ग्राम पुरेना निवासी रवि कुमार कन्नौजे ने पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ को लिखित शिकायत देकर बताया है कि उनकी 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली पुत्री के साथ गांव के ही ऋतुराज जंघेल द्वारा छेड़छाड़ की घटना की गई थी।

शिकायत के अनुसार जब उनकी पुत्री स्कूल जा रही थी, तभी ग्राम घिथौली के पहले नहर नाली के पास आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने

का प्रयास किया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर दिनांक 16 फरवरी 2026 को आरोपी ऋतुराज जंघेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74(2) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(11) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि मामला दर्ज होने के बाद अब आरोपी पक्ष के लोग एकजुट होकर उन पर लगातार राजीनामा (समझौता) करने का दबाव बना रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार समझौता नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और गांव से बाहर निकालने की धमकी दी जा रही है।

पीड़ित रवि कुमार कन्नौजे ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

राहुल और कमलेश चुने गए चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष, सचिव

महासमुंद/नवप्रदेश। चंद्रनाहू शिक्षण समिति का चुनाव रविवार को बागबाहरा रोड स्थित छत्तीसगढ़ स्कूल परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समिति के पदाधिकारियों के चयन के लिए सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव के माध्यम से समिति के विभिन्न पदों और संचालक मंडल के सदस्यों के लिए चुनाव हुआ, जो आगामी कार्यकाल में संस्था के शैक्षणिक और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। तीन वर्ष के लिए चुने गए पदाधिकारियों में पूर्व अध्यक्ष

राहुल चंद्राकर पुनः अध्यक्ष और कमलेश चंद्राकर भी पुनः सचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए राहूल चंद्राकर और ऋषि चंद्राकर आमने-सामने थे। राहुल को 449 तथा ऋषि को 306 वोट मिले। इसी तरह सचिव पद के लिए कमलेश और हरीश के बीच कड़ा मुकाबला रहा। कमलेश को 297 तथा हरीश चंद्राकर को 290 वोट मिला और कमलेश भी फिर से सचिव के पद पर काम रहा। स्कूल परिसर में सुबह 8 बजे से 1 बजे तक मतदान हुआ। बाद दोपहर 2 बजे रात 8 बजे तक मतों की गिनती हुई। इनमें अध्यक्ष के लिए 7 और सचिव के 9 मत अमान्य पाया गया। इस निर्वाचन प्रक्रिया के लिए स्कूल परिसर में 6 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। प्रत्येक बूथ पर 140 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चंद्रनाहू शिक्षण समिति में कुल 821 मतदाता हैं।

सड़क निर्माण में लापरवाही, खाद से भरा ट्रैक्टर धंसा

छुईखदान/नवप्रदेश। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले पद्मावतीपुर से डोकराभाठा तक हाल ही में निर्मित पक्की सड़क में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिसके कारण सड़क कई जगहों पर दरारों में बदल चुकी है और कुछ स्थानों पर सड़क दो हिस्सों में बंट गई है।

बताया जा रहा है कि पद्मावतीपुर के गौठान के पास सड़क के दोनों किनारों पर नाली का निर्माण किया गया है, लेकिन नियमानुसार कंक्रीट से ढलाई

नहीं की गई। इसके बजाय केवल पत्थर बिछाकर उसके ऊपर मुरूम डाल दिया गया, जिससे सड़क की मजबूती कमजोर हो गई है। भारी वाहनों के आवागमन से सड़क लगातार धंस रही है और दुर्घटना की स्थिति बन रही है।

इसी लापरवाही का परिणाम हाल ही में देखने को मिला, जब खपरी गांव के एक किसान का खाद से भरा ट्रैक्टर सड़क के किनारे धंस गया। किसान खाद गोदाम से खाद भरकर अपने गांव जा रहा था और कुछ अतिरिक्त खाद लेने के लिए पद्मावतीपुर आया था। इसी दौरान सड़क के कमजोर हिस्से में ट्रैक्टर का पहिया धंस गया और ट्रैक्टर एक तरफ झुक गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद किराए की जेसीबी मशीन बुलाकर ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया। इस घटना में ट्रैक्टर को नुकसान भी हुआ, जिससे किसान को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

विधायक चंद्राकर ने चरोटा में साहू सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

कुरूद/नवप्रदेश। विधायक कुरुद अजय चंद्राकर ग्राम चरोटा में साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण व संत माता कर्मा जयंती व ग्राम भेडरवानी में आयोजित रामायण सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।, इस अवसर पर श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, रवि सिंहा मंडल अध्यक्ष भखारा, भीम साहू, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रेखा शेषनारायण साहू जनपद सदस्य, एवन साहू जनपद सदस्य,हँसू सिन्हा , चोवा साहू,

भाव प्रकाश साहू, रामनारायण नगारची, राजेंद्र साहू, भागीरथी साहू, बालू साहू, राकेश साहू, गैंदु ध्रुवंशी, देवी सिंह साहू, धन सिंह साहू, डॉक्टर लखन सिन्हा , जुगल ध्रुवंशी, गुरु दयाल साहू , चन्द्रमणि साहू, लाल साहू, रूपु साहू आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।

कॉलोनी में योग शिविर प्रारंभ, समिति की महिलाओं ने कराया योगाभ्यास

महासमुंद/नवप्रदेश। महिला पतंजलि समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस पूनम पटले एवं सुमति साहू ने योगाभ्यास कराया। इसमें योगिक जॉगिंग, श्वास पर ध्यान केंद्रित करते हुए तथा शरीर की क्षमता के अनुसार सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास विधिपूर्वक कराया गया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार संपूर्ण व्यायाम की श्रेणी में आता है, जिससे शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव दूर होता है और व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। वर्तमान में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महिला पतंजलि समिति द्वारा महिलाओं के बीच योग के महत्व को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। शिविर के द्वितीय दिवस रोगानुसार योग एवं जड़ी-बूटी परिचय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अंजलि पटेल, दुबे पटेल, भावना चंद्राकर, चंद्रकला साहू, रिया पटेल, हेमवती पटेल, सकल साहू, हेमलता कोसर, शकुंतला साहू, आयुष पटेल, हुमांजलि पटेल, ईश्वरी सिन्हा, हेमक्रांति जगत, जिला महिला पतंजलि प्रभारी सुमति साहू, महामंत्री पूनम पटले आदि मौजूद रहे।

विधानसभा घेराव करने कांग्रेस की बैठक में बनी रणनीति

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी की जिलास्तरीय बैठक खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व तथा जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेस भवन में संपन्न हुई। बैठक में 17 मार्च को रायपुर में विधानसभा घेराव सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि धान खरीदी में अनियमितता, रसोई गैस की किल्लत, कानून व्यवस्था और स्थानीय निकाय के मुद्दों पर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। बैठक में बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत और पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला प्रभारी हितेंद्र ठाकुर ने

कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 'संगठन सृजन' अभियान की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। सभी स्थानीय इकाइयों और कार्यकर्ताओं को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए कहा गया है ताकि चुनावी तैयारियों और संगठन के विस्तार में तेजी लाई जा सके। बैठक में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ .रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, अन्नू चंद्राकर, लखबीर सिंह छाबड़ा, देवनाथ साहू, कमलकिशोर अग्रवाल, तन्मय पंडा, खेमराज सिन्हा, मनोजकांत साहू, लक्ष्मण पटेल, मोक्ष प्रधान, अमर चंद्राकर, खिलावन बघेल, जसबीर ढिल्लो, नितेंद्र बैनर्जी, पार्षद मुश्ताक खान विक्की, सोनम बंसोड़, फिरोज मेमन, भरत ठाकुर, गणेश शर्मा, डॉ. तरुण साहू, कपिल साहू, राजू यादव, ममता चंद्राकर, हुलास गिरी गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष सचिन गायकवाड़, तुलसी साहू, गोपी तारक, मोती साहू, सुनील चंद्राकर, अनीश राजवानी, बसंत चंद्राकर, राजू साहू, जयश्री दास, कामिनी चंद्राकर, रतन बंजारे, मंदाकिनी साहू, रमन ठाकुर, खिलावन ध्रुव, तबरेज खान, डॉ एजाज नकवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

संस्कार और एकता का संदेश देकर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई माता कर्मा जयंती

■ घटुला परिक्षेत्र में निकली भव्य कलश यात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

नगरी/ नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा के अंतर्गत परिक्षेत्र घटुला में 15 मार्च को महान संत, भक्त शिरोमणि एवं साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा सामुदायिक भवन में माता कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना, खिचड़ी के भोग और आरती के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए बस स्टैंड स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां समाजजनों ने माता कर्मा के जयघोष के साथ यात्रा का स्वागत किया।

मुख्य कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों ने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर उनके जीवन चरित्र, त्याग, सेवा और समाज के प्रति उनके

योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छोटे-छोटे बाल कलाकारों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा माता कर्मा की झांकी के माध्यम से गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि भक्त माता कर्मा एक नाम ही नहीं ले बल्कि सच्ची भक्ति, त्याग, समर्पण का जीवित मिशाल है, हमें भक्त माता कर्मा की आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए अतिथियों ने आगे कहा कि समाज और परिवार को संगठित रखने तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं होती।

पढ़ाई हमें ज्ञान देती है, लेकिन संस्कार हमें सच्चा इंसान बनाते हैं। आज के समय में कई बच्चे गलत दिशा में भटकते नजर आते हैं। सवाल यह नहीं है कि बच्चे क्यों भटक रहे हैं, बल्कि यह है कि कहीं हम माता-पिता और समाज अपने कर्तव्यों से दूर तो नहीं हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर के वातावरण में देखते हैं। यदि घर में प्रेम, सम्मान और अच्छे संस्कार होंगे, तो वही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बनेंगे। इसलिए, आज समाज को यह संकल्प लेना होगा कि बच्चों को केवल सफ्ल ही नहीं, बल्कि सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक भी बनाया जाए।

न्यूज गैलरी

नई दिल्ली में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का राष्ट्रीय सम्मेलन

गरियाबंद/ नवप्रदेश। नई दिल्ली में भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित स्सशक्त पंचायत नेत्री अभियानस् के राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित महिला सरपंचों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत फुलकर्रा की सरपंच चूड़ामणि दीवान भी शामिल हुईं और राष्ट्रीय मंच पर जिले का मान बढ़ाया।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलग.अलग जिलों की कुल 9 महिला सरपंचों को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने पंचायत स्तर पर किए जा रहे कार्यों और महिला नेतृत्व की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन का उद्देश्य पंचायतों में महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाना और उनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। केंद्र सरकार द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने वाली सभी महिला सरपंचों के लिए आने.जाने की एयर टिकट की व्यवस्था निःशुल्क की गई थी। जिससे उन्हें राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का अवसर मिला।इस अवसर पर सरपंच चूड़ामणि दीवान ने जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकरए उप संचालक पद्मनी हरदेलए जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह नागेश सहित जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत फुलकर्रा के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया।

वन उत्पाद आधारित उद्यमों के लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

गरियाबंद / नवप्रदेश। ग्राम जामगांवए ब्लॉक छिंदौरए जिला गरियाबंद में 14 से 16 मार्च तक वन उत्पाद आधारित उद्यमों के लिए आयोजित तीन दिवसीय सेक्टर.विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम ;ब्ेप्क्ब्द्ध छत्तीसगढ़ शासन की त्पेपदह ंदक ब्बमसमतंजपदह डैडम्‌ च्मतवितउंदबम ;त्ाड्डद्ध योजना के अंतर्गत नोडल एजेंसी स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 40 से अधिक लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों ने भाग लेकर वन उत्पाद आधारित व्यवसायों से जुड़ी आधुनिक तकनीकों एवं उद्यम विकास की जानकारी प्राप्त की।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ;च्डम्ळच्द्ध तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ;च्डथ्डम्द्ध के अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सहायताए बैंक ऋण एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति के रूप में स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉण् अखिलेश कुमार सिंह द्वारा महुआ प्रसंस्करणए पूड़ ग्रेड महुआ उत्पादनए इमली प्रसंस्करणए बैंक लिंकेजए पैकेजिंगए ब्रांडिंगए ै।.(प्रमाणन एवं ग्रीन पैकेजिंग जैसे विषयों पर प्रायोगिक एवं सेक्टर.विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सलाहकार अनिल साहू ने भी उद्यमिता विकास एवं व्यवसायिक संभावनाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान की शुरुआत

गरियाबंद, / नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न के मार्गदर्शन में भारत सरकार के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए आज जिला अस्पताल गरियाबंद में टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। जिसमें 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। आज कुल 05 किशोरियों फ्जल चौधरी, अंजू सोम, कल्पना यादव, लक्ष्मी ठाकुर और मिनाक्षी मानिकपुरी को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। टीका लगाए जाने के बाद इन सभी लाभार्थियों को 30 मिनट तक निगरानी कक्ष में रखा गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 6 हजार किशोरियों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है और किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पात्रता के अनुसार वे किशोरियाँ टीकाकरण के लिए चयनित होंगी। जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है लेकिन 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। इसके लिए आधार कार्ड, अन्य पहचान पत्र या अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र मान्य होगा। जिला अस्पताल में यह टीकाकरण नियमित रूप से जारी रहेगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. हरीश चौहान, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सेक्टर सुपरवाइजर, स्टाफ नर्स, मितानिन और हितग्राहियों के परिजन उपस्थित थे।

उद्योग-बैंकर्स संवाद कार्यशाला कल

गरियाबंद, / नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह तथा कारीगरों को बैंक ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से रैम्प योजना के अंतर्गत उद्योग-बैंकर्स संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 18 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे होटल सिटी जायका, गरियाबंद में आयोजित होगी। कार्यक्रम के तहत उद्यमियों और बैंकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा ऋण से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है, ताकि व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिल सके। इस अवसर पर कार्यशाला में विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। और प्रतिभागियों को ऋण आवेदन प्रक्रिया, वित्तीय सहायता, पुनः वित्तपोषण के अवसर तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही व्यवसाय विस्तार के लिए आवश्यक वित्तीय सुझाव भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला उद्यमियों और युवा व्यापारियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

पूर्व सीएम बघेल का साय सरकार पर हमला, कहा- प्रदेश में अपराध बेलगाम, अफीम की खेती कर रहे

किसानों से लेकर सिलेंडर तक भूपेश ने साय सरकार को घेरा

राजिम / नवप्रदेश। क्षेत्र के ग्राम बोरसी में आयोजित भेट-मुलाकात कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान वे पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू के निवास भी पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका गाजे-बाजे और आतिशबाजी से जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में आसपास के कई गांवों से हजारों की संख्या में लोग पूर्व मुख्यमंत्री को देखने और उनसे मिलने पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में राजनीतिक हलचल का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने उपस्थित लोगों को एकादशी की शुभकामनाएं देते हुए मंचीय कार्यक्रम में राज्य की साय सरकार पर जमकर निशाना साधा और कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों के धान की खरीदी बेहतर व्यवस्था के साथ की जाती थी। वहीं वर्तमान सरकार में आज किसानों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को चोर की तरह देखा जा रहा है और घर-घर जाकर धान की जांच की जा रही है।

बिजली बिल नहीं बढ़ाया: बघेल ने बिजली बिल के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली बिल नहीं बढ़ाया गया था, जबकि अब लोगों को पूरा और बढ़ा हुआ बिजली बिल भरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों पर अवकाश घोषित किया था, जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों की सांस्कृतिक भावनाओं का सम्मान होता था।

नशे में डुबोने की साजिश: पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों का अपमान कर रही है, स्कूलों को बंद किया जा रहा है और समाज में आपसी झगड़े पैदा करने की कोशिश हो रही है। फ्शिक्षर में पूर्व से चल रहे कालेज को हटाने की कोशिश की जा रही है, सरकार चाहे हो दो जगहों पर कालेज खोल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश भर के लोगों को अफीम के नशे में डुबोने की साजिश की जा रही है। जबकि यहां छत्तीसगढ़ के लोग अफीम को जानते तक नहीं थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और नशे की समस्या को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

समावेशी शिक्षा को नई दिशा, तीन दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

कवर्धा / नवप्रदेश। समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा दिव्यांग बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय तीन दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन 12 मार्च से 14 मार्च 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफ.आर. वर्मा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री विनोद श्रीवास्तव एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी तथा समावेशी शिक्षा प्रभारी श्री राकेश चंद्रवंशी के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों, अभिभावकों तथा दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को दिव्यांगजनों से संबंधित अधिकार, उपलब्ध शासकीय सुविधाएं, सहायक उपकरण, छात्रवृत्ति, पेंशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विभिन्न सत्रों के माध्यम से उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। इनमें श्री नरेश कुमार सोनी, श्रीमती रेशमा मेश्राम, श्री विनोद पुरी गोस्वामी, श्रीमती होम बाई साहू, श्री गायत्री प्रसाद साहू, श्री राजनारायण साय एवं श्री देवकुमार साहू शामिल रहे।

वार्षिकोत्सव स्थगित होने पर स्टूडेंट्स नाराज

सम्मान समारोह नई तिथि में करने सौंपा ज्ञापन

भाटापारा / नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में आयोजित होने वाला प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव बिना किसी स्पष्ट कारण के अचानक स्थगित किए जाने से छात्र-छात्राओं के बीच असमंजस एवं नाराजगी का माहौल बन गया है।छात्रों का कहना है कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित करने और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन होता

है, जिसकी विद्यार्थियों को लंबे समय से प्रतीक्षा रहती है। कार्यक्रम को बिना कारण बताए स्थगित किए जाने से छात्रों में निराशा उत्पन्न हुई है।इस संबंध में छात्रों की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की नई तिथि शीघ्र घोषित करने की मांग की गई है। छात्रों ने यह भी बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय के स्पोर्ट्स हॉल में विभिन्न खेल गतिविधियां एवं अभ्यास नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन वहां खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के लिए पेयजल (वॉटर कूलर/फिल्टर) की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान छात्र राजीव मिर्झा ,सौरभ राजपूत, सुशांत नौरंगे , पुष्पेंद्र चक्रधारी, देव सिंह ठाकुर, प्रवीण, राहुल, रश्मि, रौनक देवांगन, पूर्णिमा, राधिका, जाह्नवी, गिरवर एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।

चिरायु के प्रयास से अयांश को मिला नया जीवन

राजनांदगांव / नव प्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में चिरायु दल द्वारा जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया जा रहा है। साथ ही गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का जिला एवं राज्य तथा राज्य के बाहर आवश्यकता अनुसार निःशुल्क ईलाज कराया जाता है।

चिरायु दल को घुमका विकासखंड के भ्रमण के दौरान जन्मजात कैटेगरी-ए का हृदय रोग से पीड़ित अयांश मिला। चिकित्सकों को बच्चे के प्राथमिक जांच में हृदय रोग से

पीड़ित होने का संदेह होने पर उसे उच्च संस्थानों को रेफर किया गया। बच्चे के स्वास्थ्य जांच में ज्टेट्रालॉजी ऑफ फैलोटज नामक गंभीर हृदय रोग से ग्रसित होने की पुष्टि हुई। जिसका समय पर ईलाज जरूरी था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बच्चे के उपचार के लिए मिशन मोड में कार्य किया गया। बच्चे के इलाज के लिए रायपुर से बेंगलुरू तक किए जाने वाले सभी आवश्यक कार्रवाई त्वरित की गई। अयांश को बिना किसी देरी के पहले एमएमआई रायपुर और फिर एम्स रायपुर भेजा गया। बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के लिए अयांश को बेंगलुरू रेफर किया गया। जहां अनुभवी सर्जनों की देखरेख में उसका ऑपरेशन सफ्ल रहा।

आज छपरी में होगा भोरमदेव महोत्सव का आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर से जुड़ा पारंपरिक भोरमदेव महोत्सव इस वर्ष भी उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हर वर्ष आयोजित होने वाला भोरमदेव महोत्सव क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण उत्सव माना जाता है। इस बार भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण कार्यक्रम की रूपरेखा में बदलाव किया गया

है, ताकि महोत्सव की परंपरा जारी रह सके।

इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष महोत्सव स्थल को परिवर्तित करते हुए आयोजन बोड़ला रोड स्थित ग्राम पंचायत छपरी में किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन 17 मार्च, मंगलवार को होगा ।

बैगा नृत्य से सजेगा सांस्कृतिक मंच

भोरमदेव महोत्सव में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और भारतीय शास्त्रीय कला का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगायक दिलीप षडंगी अपनी प्रस्तुति देंगे। वे जगराता और भजन गायन के माध्यम से दर्शकों को भक्ति और लोकसंगीत के रंग में सराबोर करेंगे।

इसके अलावा मंच पर भरतनाट्यम और कथक जैसे शास्त्रीय नृत्य, बैगा जनजाति के पारंपरिक नृत्य और भजन गायन की प्रस्तुतियां भी होंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा, आदिवासी संस्कृति और भारतीय शास्त्रीय कला की झलक देखने को मिलेगी।

अंतर्राज्यीय क्रॉस बॉर्डर मलेरिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

कवर्धा / नवप्रदेश। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय अंतर्राज्यीय, अंतरजिला क्रॉस बॉर्डर मलेरिया कार्यशाला का आयोजन विकासखंड बोड़ला के रेंगाखारकला में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए विभिन्न राज्यों एवं जिलों के स्वास्थ्य विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, अनुभवों का आदान-प्रदान करना तथा प्रभावी रणनीति तैयार करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राजकीय गीत एवं स्वागत गीत के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ। उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया तथा कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बताया गया कि मलेरिया एक गंभीर वेक्टर जनित रोग है, जिसका प्रभाव वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक देखा जाता है।

आत्मनिर्भरता: ग्राम मटका की ज्योति वैष्णव बनीं 'लखपति दीदी', स्व-सहायता समूह से मिली नई पहचान

दोना-पत्तल के व्यवसाय से आत्मनिर्भर बनीं ज्योति वैष्णव

कवर्धा / नवप्रदेश। मेहनत, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन मिलने पर साधारण परिस्थितियों में जी रही महिलाएं भी सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकती हैं। कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम मटका की निवासी श्रीमती ज्योति वैष्णव ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर दोना-पत्तल निर्माण का व्यवसाय शुरू किया और आज अपने परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं।

श्रीमती ज्योति वैष्णव पहले गांव में मजदूरी का कार्य करती थीं। परिवार की आय का कोई स्थायी साधन नहीं होने के कारण उन्हें कई प्रकार की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और घर के खर्च को संभालना भी मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान उन्हें गांव में संचालित जय माँ वैभव लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह के बारे में जानकारी मिली। समूह की गतिविधियों और महिलाओं को मिल रहे आर्थिक अवसरों

को देखकर उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत करना शुरू किया और आजीविका गतिविधियों के लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता भी मिली। समूह को चक्रीय निधि के रूप में 4 हजार रुपये तथा सामुदायिक निवेश कोष के रूप में 15 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। इसके अलावा बैंक से 1 लाख रुपए का ऋण सुविधा मिलने से उन्हें स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिला।

ज्योति वैष्णव ने प्राप्त राशि का उपयोग करते हुए दोना-पत्तल निर्माण और किराना दुकान का कार्य शुरू किया। आज दोना-पत्तल निर्माण उनका प्रमुख व्यवसाय बन चुका है। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ने लगा और गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी उनके उत्पादों की मांग बढ़ गई। मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। समूह से जुड़ने से पहले उनके परिवार की आय सीमित थी, लेकिन आज उनके परिवार की वार्षिक आय में वृद्धि हुई है। खेती, दोना-पत्तल निर्माण, किराना दुकान और मजदूरी जैसे विभिन्न स्रोतों से उनकी कुल वार्षिक आय लगभग 1 लाख 35 हजार रुपये तक पहुंच गई है। ज्योति वैष्णव बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब उन्हें अपने व्यवसाय के साथ-साथ परिवार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। आत्मविश्वास बढ़ा है और गांव में उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। आज श्रीमती ज्योति वैष्णव न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।

न्यूज गैलरी

विधानसभा घेराव में शामिल होंगे गरियाबंद के हजारों कार्यकर्ता

गरियाबंद /नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश में 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव को लेकर गरियाबंद जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लाकों और शहर अध्यक्ष के द्वारा विधानसभा घेराव में जाने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर लिया गया है।ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही किसान गरीब माध्यम वर्ग और व्यापारियों के हित में कार्य करते आ रही है, लेकिन कुछ दिनों पूर्व केंद्र के बीजेपी सरकार द्वारा मनरेगा को बदला गया है।इस बदलाव से बीजेपी सरकार गरीब किसानों की रोजीरोटी की छीनना चाहती है,साथ ही देश में बढ़ रहे लगातार महंगाई के साथ अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस जमीनी लड़ाई लड़ने तैयार है।उन्हीं जनहित मुद्दों को लेकर राजधानी में विधान सभा घेराव कर राज्य और केंद्र सरकार को जगाना चाहती है,उसी विधानसभा घेराव की लेकर गरियाबंद जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता मंगलवार को रायपुर कूच करेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर फिंगेश्वर के दो गांवों के लोगों को मिला सम्मान

गरियाबंद /नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के विकासखंड फिंगेश्वर की जल बहिनी श्रीमती प्रभा बाई ध्रुव गांव-गांव जाकर जल गुणवत्ता परीक्षण का महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रही हैं। वहीं ग्राम हथखोज के जल वितरण संचालक दुर्गेश कुमार ने भी अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करते हुए समुदाय में एक अनुकरणीय मिसाल स्थापित की है। उनके कार्यों ने न केवल ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई है, बल्कि सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। उनके उत्कृष्ट प्रयासों को देखते हुए वर्ष 2026 में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित जल उत्सव के दौरान भारत सरकार के माननीय केंद्रीय मंत्री श्री सी आर पाटिल द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूरे क्षेत्र की एकजुट मेहनत और जल सुरक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गरियाबंद के सतत सहयोग ने भी इस उपलब्धि को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने इन दोनों को अपने कार्यालय कक्ष में शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पंचायत उप निर्वाचन मतदाता सूची तैयार करने अधिकारियों की नियुक्ति

गरियाबंद /नवप्रदेश। पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बीएस उइके ने विभिन्न विकासखंडों के लिए पंजीकरण अधिकारी एवं सहायक पंजीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशों के एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के प्रावधानों के तहत जिले के विकासखंडों में निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड गरियाबंद, छुरा, मैनपुर और देवभोग के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पंजीकरण अधिकारी तथा तहसीलदारों को सहायक पंजीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं इन कार्यों के लिए अपर कलेक्टर को अपीलीय प्राधिकारी बनाया गया है। पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत किया जा रहा है।

अवैध सिलेंडर पर प्रशासन की कार्यवाही,15 नग घरेलु सिलेंडर जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध एलपीज़ी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच के दौरान सोमवार को संयुक्त टीम द्वारा भाटापारा एवं खरतोरा में जांच अभियान चलाया गया जिसमें 15 नग अवैध घरेलु सिलेंडर जब्त किया गया। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम के द्वारा एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में भाटापारा के लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित महालक्ष्मी फालूदा फैक्ट्री मे दबिश दी गई। फालूदा फैक्ट्री मे 6 नग घरेलू एलपीजी सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई। इसीतरह बस स्टैंड चौक स्थित दादा भाई बिरयानी सेंटर से 1 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। इसके साथ ही खरतोरा नाका पलारी में सागर स्वीट्स हरिकिशन साहू के यहां से 5 नग,रंगला पंजाब ढाबा के प्रॉपराइटर कैप्टनसिंह के प्रतिष्ठान से 3 नग खाली घरेलु सिलेंडर जब्त किया।उक्त कार्यवाही द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत किया गया है इस दौरान तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनक ध्रुव की अनुशंसा पर 1 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

गरियाबंद /नवप्रदेश। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने एक कार्य के लिए 1 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड छुरा अंतर्गत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरंगपानी में जीम सामग्री स्थापना के लिए 1 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा को सौंपा गया है।

नगरी में पेंशनर्स साथियों का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

नगरी/नवप्रदेश। समस्त पेंशनर्स साथियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना है धरना प्रदर्शन रावण भाटा में किया जाएगा समय 1:00 बजे दोपहर को अपनी अधिक से अधिक उपस्थिति देने का कष्ट करेंगे। इसके पश्चात धरना स्थल से 4:00 बजे सायंकाल अपनी मांगों की प्रति एसडीएम कार्यालय में सोपा जावेगा। अध्यक्ष आर एल देव तहसील कार्यालय शाखा नगरी ने जानकारी दी।

भक्त माता कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक इंद्र साव

■ किसी भी समाज की पहचान उसकी परंपराओं और संस्कारों से होती है: साव

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों दुलदुला, कचलोन, औरेठी, डोगरिया तथा पौसरी में भव्य माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य इन सभी गांव के कार्यक्रम में विधायक इंद्र साव ने शामिल होकर उपस्थित लोगों को भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई देते हुए लोगो से सामाजिक एकता बनाए रखने और युवाओं से नशा पान से दूर रहने का आहवान किया।

विधायक इंद्र साव विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल होते हुए अपने संबोधन में समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी परंपराओं और संस्कारों से होती है, इसलिए हमें अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को सहेजकर आगे बढ़ाना होगा,जिसके लिए समाज के सभी लोगों में आपसी एकता,भाईचारा बनाए रखने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की जरूरत है।

विधायक इंद्र साव ने आगे कहा कि समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे अनावश्यक और फिज़ूल खर्च से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सादगीपूर्ण और आदर्श विवाह से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा आर्थिक रूप से भी लोगों को राहत मिलती है। उन्होंने युवाओं से समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए नशा पान से दूर रहने का आहवान किया। इसके पूर्व कर्मा जयंती के अवसर पर सभी गांवों में श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाये, युवाओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। यह यात्रा पूरे गांव से होकर निकली जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने मिला। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया और उपस्थित लोगों ने भक्त माता कर्मा जयंती की एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकता, प्रगति और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

सांसद बृजमोहन के प्रयासों से बलौदाबाजार-भाटापारा को मिली 6 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

सांसद की अनुशंसा पर करोड़ों की योजनाएं स्वीकृत

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के सतत प्रयासों से बलौदा बाजार और भाटापारा विधानसभा क्षेत्र को विकास की एक और बड़ी सौगात मिली है। सांसद श्री अग्रवाल की अनुशंसा पर जिला खनिज न्यास निधि (डी एम एफ) से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 5.99 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों के लिए स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। इस राशि से बलौदा बाजार और भाटापारा जिले के 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाया जाएगा, साथ ही पाटन में जल संचयन हेतु अमृत सरोवर के तर्ज पर तालाब पुनरूधार किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र के विभिन्न वार्डों एवं ग्रामों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, आहता निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण, स्ट्रीट लाइट की स्थापना तथा स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव और हर वार्ड तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकासोन्मुख सोच से प्रेरित होकर रायपुर लोकसभा क्षेत्र में लगातार आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। उनका लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हों और आम नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त हों। जिले में संचालित 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में विकसित किए जाने हेतु 62 लाख रुपए, पाटन में जल संचयन हेतु अमृत सरोवर के तर्ज पर तालाब पुनरूधार कार्य हेतु 18.13 लाख रुपए इसके साथ ही 15 लाख रुपए एलईडी स्ट्रीट लाईट 120 वॉट क्रय कार्य (वार्ड क्र. 01 से 21 तक) बलौदाबाजार, 5 लाख रुपए ग्राम कड़ार में आहता निर्माण कार्य (निषाद पारा), 6.5 लाख रुपए सामुदायिक भवन निर्माण मोपका, 10 लाख रुपए।

सीसी रोड निर्माण : करहीबाजार, 10 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण रामपुर, 10 लाख रुपए आहता निर्माण- मुक्तिधाम, खोखली, 10 लाख रुपए आहता निर्माण- महामाया के पास खैरी आर, 10 लाख रुपए

पेवर ब्लॉक कार्य- शास प्राथ/पूर्व माध्य शाला चिचपोल, 10 लाख रुपए

पेवर ब्लॉक कार्य- शास प्राथ शाला ओटेबंद, 10 लाख रुपए सामुदायिक भवन निर्माण।

सामुदायिक भवन निर्माण

गुड़ेलिया, 50 लख रुपए एलईडी स्ट्रीट लाईट 150 वॉट 522 नग क्रय कार्य बलौदाबाजार, 5 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण कुकदा, 5 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण टोपा, 5 लाख रुपए

सीसी रोड निर्माण चमारगुड़ा/पथरिया, 5 लाख रुपए सीसी रोड निर्माण खपरी एस, 9.62 लाख रुपए आहता निर्माण (प्राथ स्वास्थ्य कन्द्र में) बिटकुली, 10 लाख रुपए

सीसी रोड निर्माण नवागांव, 10 लाख रुपए

सीसी रोड निर्माण बोरसी, 10 लाख रुपए

सीसी रोड निर्माण राजपुर, 10 लाख रुपए

मां कर्मा जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

n समाज में जितने भी संत हुए सभी ने मानव कल्याण के उत्थान, त्याग-तपस्या का संदेश दिया : भागवत

भटगांव/नवप्रदेश। नगर भटगांव के साहू भवन में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां कर्मा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। वहीं साहू समाज के लोगों ने माता कर्मा का स्मरण करते हुए उनके बताए आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। जहां साहू समाज द्वारा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जहां कलश यात्रा नगर के साहू भवन से निकल कर पुरानी हटरी गांधी चौक, नया हटरी शीतला चौक, साईं मंदिर, देवांगन मोहल्ला, बस स्टैंड, गायत्री मंदिर से होते हुए पुनः साहू समाज भवन कलश यात्रा पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और माता कर्मा के जयकारों से नगर गूंज उठा। माना जाता है कि भक्ति माता कर्मा को लोकदेवी,समाज सुधारक, के सथ-साथ रूढ़िवादी छुआछूत सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध समरसता का संदेश देनेवाली संत संत और भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त के रूप में जाना जाता है। जहां माना यह भीजाता है कि भक्ति मता माता कर्मा ने तेली समाज पर आए आए संकटको भक्ति साहस और संघर्ष से दूरकिया जिससे पूरे भारतवर्षमे तेली समाज के लिए पुज्जैनी रूप में मानते हैं ।

छुईखदान में सचिव का वेतन रोके जाने पर विवाद गहराया, 18 को जनपद पंचायत घेराव की चेतावनी

छुईखदान/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुईखदान में ग्राम पंचायत दनिया के सचिव का कई महीनों से वेतन रोके जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले पंचायत सचिव बुधारु राम धुर्वे को लंबे समय से वेतन नहीं मिलने से सरपंच और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत दनिया के सरपंच और ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गंडई-छुईखदान को ज्ञापन सौंपते हुए तीन दिन के भीतर वेतन जारी करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो 18 मार्च को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत छुईखदान कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्राम पंचायत दनिया के सरपंच मंगलू साहू का कहना है कि पंचायत सचिव नियमित रूप से पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। इसके बावजूद बिना किसी स्पष्ट कारण के उनका वेतन कई महीनों से रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लगभग एक माह पहले भी जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन देकर सचिव का वेतन जारी करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इधर इस पूरे मामले को लेकर जनपद पंचायत छुईखदान के सभापति सुधीर गोलछा ने भी नाराजगी जताई है।

सीएम विष्णुदेव साय का अरुण बंटी ने किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का महासमुंद जिले के बसना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक एवं पवित्र स्थल गढ़ ?पुलझर के नानकसागर में आयोजित होला मोहाला कार्यक्रम में शामिल होने पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण बंटी छाबड़ा ने उनका स्वागत किया । मुख्यमंत्री ने यहां पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका तथा विशेष कीर्तन समागम और अरदास में भाग लेकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गढ़पुलझर की पावन धरती स्थित नानकसागर अत्यंत श्रद्धा और आस्था का केंद्र है, जहां पूज्य गुरु नानक देव जी के चरण पड़े हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ संतों की तपोभूमि रही है, जहां अनेक महान संतों ने मानवता, सेवा और सद्भाव का संदेश दिया है। इस पवित्र स्थल पर आकर उन्हें अत्यंत गर्व और आत्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों के संरक्षण और समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में गढ़पुलझर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इसके विकास कार्यों के लिए लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है और निर्माण कार्य जारी है।

साहू समाज की कुलदेवी माता कर्मा की धूमधाम से मनी 1010वीं जयंती

नगरी/नवप्रदेश। ग्रामीण साहू समाज बि रगुड़ी द्वारा प्रतिवर्ष के भती इस वर्ष भी पामोचनी एकादशी पर रविवार को भक्त मां कर्मा की 1010 जयंती भामाशाह भवन में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई सर्वप्रथम समाज के लोगों के द्वारा विधि विधान से माता कर्मा की पूजा अर्चना की और सत्यनारायण भगवान की कथा और नया भवन का और मां कर्मा की प्राण प्रतिष्ठा भी किया गया साथ में प्रसादी खिचड़ी का भोग लगाया गया इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष बच्चन लाल साहू, परक्षेत्रीय अध्यक्ष भूपत साहू, ग्रामीण सचिव टामन साहू , ग्रामीण उपाध्यक्ष लकेश्वर साहू, गिरधारी साहू, सौरभ साहू, सोम प्रकाश साहू, पिंटू साहू ,राजू साहू जीवन साहू, गुरु साहू, भूपेंद्र साहू ,विकास साहू, पूरण साहू, दिनेश साहू,कौशल देवी साहू, सरिता साहू,दुलारी साहू, ललिता साहू,यशस्वनी साहू,शशि साहू,चंदा साहू,और ग्रामीण साहू समाज के व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा विशेष सहयोग रहा इस अवसर समाज के सभी ग्रामीण सदस्य बंधु माताएं अपना सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया

रसोई गैस किल्लत को लेकर कांग्रेस ने शवयात्रा निकलकर किया प्रदर्शन

एनाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश, लगी भारी भीड़, महंगाई पर भाजपा सरकार को घेरा

गरियाबंद/प्रदेश। गरियाबंद जिले की तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एवं गैस की किल्लत को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया गया सबसे पहले कांग्रेसियों ने गैस सिलेंडर का यात्रा निकाली रैली में भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया यहां रैली नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड पहुंची और वापस पंचायत कार्यालय के सामने नाली में चाय बनाने का प्रदर्शन किया इस अनोखे प्रदर्शन को देखने भारी भीड़ लगी रही और लोगों ने जमकर आनंद लिया कांग्रेस के इस अनोखे प्रदर्शन का पूरे नगर व क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है और लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं तो सोशल मीडिया में भी जमकर नाली में चाय बनाने का वीडियो वायरल हो रहा हैए

मैनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर भाजपा सरकार के खिलाफविरोध जतायाए हालांकि यह प्रयास सफल नहीं हो सकाए लेकिन इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन ने राहगीरों और स्थानीय लोगों का ध्यान खींच लिया।

दरअसलए हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा नाले की गैस से चाय बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने शहर में यह प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व में किया गया एकांग्रेस कार्यकर्ता चाय बनाने के बर्तन और कुल्हड़ लेकर नाले के पास पहुंचे और चूल्हा जलाकर चाय बनाने का प्रयास किया।

पेज 1 का शेष...

सीएम साय के सुशासन...

की जा सकती है। नक्सल प्रभावित दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए जिले में 150 आवासीय संस्थाएं संचालित हैं, जिसमें 9 छात्रावास आश्रमों को मूल ग्राम में शिफ्ट किया गया। वहीं 14 नवीन छात्रावास आश्रमों का भवन निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन संस्थाओं में आवास, भोजन और पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा का अवसर मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में पहले की अपेक्षा बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन से आदिवासियों को वनाधिकार के मामले भी सुलझे हैं।

वन अधिकार के 1772 प्रकरणों का निराकरण: वन अधिकार अधिनियम के तहत 1772 प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। जिले में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत पात्र आदिवासी और परंपरागत वनवासियों को अधिकार दिलाने की प्रक्रिया जारी है। 2023 से 2025 के बीच कुल 1,772 प्रकरणों का निराकरण किया गया। 2023 में 845 प्रकरण, 2024 में 471 प्रकरण और 2025 में 456 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस पहल से आदिवासी परिवारों को उनकी पारंपरिक भूमि पर वैधानिक अधिकार मिल रहा है।

बंगाल में चुनाव से...

प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

आदेश में कहा गया है कि जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उन्हें चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव से जुड़े पद पर तैनात नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग ने रविवार को बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। बंगाल की 294 सीटों पर 2 फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। 4 मई को रिजल्ट आएगा।

ममता की दोनों सीटों पर...

उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट टीएमसी का मजबूत गढ़ मानी जाती है। ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं। भाजपा ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हालदार को टिकट दिया है। यह इलाका ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में आता है। अभी यहां से टीएमसी के पन्नालाल हलदर विधायक हैं। भाजपा ने बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट दिया है। भाजपा ने बंगाल से पहले केरल में भी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। 140 में से 47 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर को नेमोम सीट से मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर 2024 लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस सांसद शशि थरूर से हार गए थे।

सरकारी हॉस्पिटल में आग...

सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है। श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

पत्नी से पीड़ित पुरुष और...

को सुबह से शाम तक काउंसिलिंग होती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल अपराधियों के लिए बेहद सख्त और जन सामान्य के लिये उतने ही जेंटलमैन पुलिस अफसर माने जाते हैं। बुजुर्गों और पत्नी प्रताड़ना का शिकार होने वाले लोगों की शिकायतें लगातार मिलने पर पुलिस कप्तान ने दो अलग-अलग बेंच का गठन किया। यही बेंच पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिये काउंसिलिंग करती है।

40 हजार आदिवासी महिलाओं...

वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों और आजीविका कार्यक्रम के नाम पर जोड़कर निवेश के लिए प्रेरित किया गया। धीरे-धीरे हजारों महिलाओं से बड़ी रकम जमा कराई गई और बाद में कंपनी का नेटवर्क ही गायब हो गया। अब यह मामला अरबों रुपये के घोटाले के रूप में सामने आ रहा है। शिकायत में कोरबा के तत्कालीन कलेक्टर की भूमिका भी सवालों के घेरे में बताई जा रही है।

न्यूज गैलरी

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती, दावा-आपत्ति 23 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तुरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बहतरा 01 में सहायिका के रिक्त एक पद पर प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत अंतिम सूची दावा-आपत्ति हेतु परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत मस्तुरी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। दावा आपत्ति 23 मार्च शाम 5.30 बजे तक किये जा सकते है। निर्धारित समय के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

डिवाइडर से टकराकर स्कूटी सवार युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में शराब के नशे में स्कूटी चलाना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हो गया। देर रात करीब 1:30 बजे तारबाहर थाना क्षेत्र में होटल हैवंस पार्क के सामने एक तेज रफ्तार स्कूटी सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही तारबाहर थाना की पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर पहुंचाया।

शिक्षा सचिव को नोटिस, 24 को मांगा शपथ पत्र

बगैर मान्यता के स्कूल संचालित हाई कोर्ट सख्त, अपनाया कड़ा रुख

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिना मान्यता के निजी स्कूलों के संचालन और एडमिशन के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए जाने के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही संबंधित स्कूल प्रबंधन को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को तय की गई है।

यह मामला जनहित याचिका के माध्यम से हाई कोर्ट पहुंचा है, जिस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान विकास तिवारी द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका में बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों में एडमिशन के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए जाने का मुद्दा उठाया गया। हस्तक्षेप याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि इस संबंध में 5 2026 को लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) को शिकायतें भेजकर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस पर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को पूर्व आदेश का पालन करते हुए अगली सुनवाई तक कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

अभिभावक भ्रमित हो रहे : याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता ने दलील दी कि बिना मान्यता के संचालित स्कूलों द्वारा एडमिशन के विज्ञापन प्रकाशित किए जाने से अभिभावक भ्रमित हो रहे हैं और बच्चों का भविष्य भी खतरे में पड़ सकता है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए इसे अपने पूर्व आदेश का प्रत्यक्ष उल्लंघन बताया। याचिका में जिन स्कूलों का उल्लेख किया गया है, उनमें रायपुर के मोवा स्थित तुलसी कृष्णा किड्स एकेडमी के साथ ही कृष्णा किड्स एकेडमी की शंकर नगर, न्यू राजेंद्र नगर, सुंदर नगर और शैलेंद्र नगर स्थित चार शाखाएं शामिल हैं। इसके अलावा कृष्णा पब्लिक स्कूल, तुलसी (रायपुर) को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने संबंधित स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और स्कूल शिक्षा विभाग को पूरे मामले की विस्तृत जानकारी शपथ पत्र के साथ अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले में 24 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई में शिक्षा विभाग की कार्रवाई और स्कूलों की स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

अघरिया समाज ने वार्षिक सम्मेलन मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते 15 मार्च को प्रात: 11 बजे से अखिल भारतीय अघरिया समाज के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि राजेश सूर्यवंशी अध्यक्ष जिला पंचायत अति विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश सूर्या प्रदेश महामंत्री (अ.जा) एवं जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि दामोदर कांत सदस्य जिला पंचायत, अतिथि तारेश्वरी नायक सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़ शशि पटेल सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़ सीता पटेल सहसंयोजक केंद्रीय समिति रायगढ़ सम्माननीय अध्यक्ष कुशल प्रसाद पटेल समस्त कार्यकारिणी अखिल भारतीय समाज बिलासपुर ग्रामीण एवं समस्त सम्माननीय सदस्य केंद्रीय समिति समस्त परीक्षेत्रीय अध्यक्ष ग्राम प्रमुख संरक्षक सदस्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में होली मिलन वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन विवाह योग्य युवक युवती के संबंध में चर्चा आदि किया गया। चंद्र प्रकाश सूर्या द्वारा नवागांव में शौचालय निर्माण हेतु राशि देने की घोषणा की गई एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश्वर सूर्यवंशी द्वारा सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार हेतु राशि देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी भी उपस्थित रहे एवं समाज का अभिवादन करते हुए आगे बढ़ाने हेतु शुभकामनाएं दिए इस प्रकार कार्यक्रम का यह आयोजन सफल रहा एवं भाजपा सदस्य गणों में जागेंद्र कश्यप (जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि), श्यामलाल पटेल (मंडल महामंत्री), भास्कर पटेल (जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य) उपस्थित थे।

बिलासपुर मंडल के स्टेशनों पर यात्रियों के लिए 'नि:शुल्क प्याऊ' स्थापना को प्रोत्साहन

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में रेल यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिलासपुर रेल मंडल द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं वेलफेयर एसोसिएशनों के सहयोग से नि:शुल्क 'प्याऊ' स्थापित किए जाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सामान्यत: गर्मी के मौसम में विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थान तथा वेलफेयर एसोसिएशन यात्रियों की सेवा के उद्देश्य से स्टेशनों पर प्याऊ के माध्यम से नि:शुल्क पेयजल उपलब्ध कराने के इच्छुक रहते हैं। इसी भावना को प्रोत्साहित करते हुए बिलासपुर रेल मंडल द्वारा ऐसी संस्थाओं को रेलवे स्टेशनों पर प्याऊ स्थापित करने के लिए सहयोग और आवश्यक अनुमति प्रदान की जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल रेल प्रशासन गर्मी के मौसम में यात्रियों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके साथ ही स्टेशनों पर पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी संस्थाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को भी नि:शुल्क प्याऊ खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

एसईसीएल में 16 सौ अप्रेंटिस की होगी भर्ती, आज से आवेदन

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश की सबसे बड़ी कोल कंपनियों में शामिल साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने वर्ष 2026-27 के लिए 1600 अप्रेंटिस के प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रशिक्षण कंपनी की विभिन्न भूमिगत एवं ओपन कास्ट खदानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं सामान्य स्नातक क्षेत्रों के युवाओं को उद्योग से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए 500 पद तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए 1100 पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें खनन, सिविल, विद्युत, यांत्रिक,

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग सहित बीबीए, बीसीए, बी.कॉम और बीएससी (केमिस्ट्री) जैसे विषयों के अभ्यर्थियों के लिए भी अवसर उपलब्ध हैं। विशेष रूप से टेक्नीशियन अप्रेंटिस (खनन इंजीनियरिंग) के लिए सर्वाधिक 900 पद निर्धारित किए गए हैं, जो खनन क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202603101200008 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शोभाराम देवांगन आ./पति रमेश्वर देवांगन निवासी मकान नं. 145 भानपुरी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम भानपुरी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 679/1, 805/1, 805/5 रकबा 0.3500, 0.3100, 0.2000 हे. भूमि जो कि आवेदक की माता मेहतरीन बाई ध.प. स्व. रमेसर के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 12.11.2025 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/03/2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक खेमलाल निर्मलकर पिता उदेराम निर्मलकर निवासी तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे पुत्री प्रतिमा बाई पिता खेमलाल निर्मलकर का जन्म दिनांक 13.10.1988 को ग्राम तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक खेमलाल निर्मलकर पिता उदेराम निर्मलकर निवासी तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.02.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.02.2026 को जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202603104700011 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टोपूराम पिता खेदू निवासी वार्ड नंबर 01 स्मृति नगर जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 632/1 रकबा 0.0300 हे. भूमि है। जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की बहन जानकीबाई रावत पति स्व. परदेशी राम रावत का स्वर्गवास दिनांक 15.12.2016 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 02.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103500028

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी जसवंत सिंह जुवला पिता/पति साधू सिंह पता भिलाईनगर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 157/42 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अरविंदर सिंह चाना पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, हरदीप कौर पिता/पति स्व. गुलरमेल सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, तेजिंदर कौर पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, मनप्रीत कौर पिता/पति स्व. गुरमेल सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, श्रीमती सुरविंदर कौर पिता/पति स्व. जसवंत सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड, अमरप्रीत सिंह पिता/पति स्व. गुरमेल सिंह पता स्टील कालोनी कातुलबोर्ड के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202603100700052 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/हक प्राप्तकर्ता अजीत टोकेकर पिता स्व. बसंत टोकेकर निवासी 1303, बिल्डिंग एच-1 ए, जनरल ए.के. वैद्य, बोरीवली ईस्ट मुम्बई (महाराष्ट्र) के द्वारा ग्राम-कातुलबोड़, प.ह.नं.-42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 48/86 रकबा 0.0170 हे./1824 वर्गफीट/169.51 वर्गमीटर भूमि लगान अभिलेखानुसार भूमि हकत्याग की जाने वाली सम्पत्ति का बाजार मूल्य 40,81,000/- रूपये भूमि को हक त्यागकर्तागण श्रीमती आरती जोशी पिता स्व. बसंत टोकेकर, मदन कुमार देशमुख पिता पी.ए. देशमुख निवासी 252, दादा धनीराम वार्ड, खरी, मंडला (म.प्र.) से पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 27/02/2026 को हक प्राप्तकर्ता के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर हक प्राप्तकर्ता के पक्ष में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती सुमनलता अवस्थी (SUMANLATA AWASTHI) पति स्व. सुभाषचंद अवस्थी (SUBHASHCHAND AWASTHI) उम्र 57 वर्ष, निवासी मकान नं. 22, वार्ड नं. 25 रविदास नगर प्रकाश आटा चक्की केम्प 2, पावर हाऊस भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- यह कि, मैं दर्शित पते पर निवास करती हूं। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड कमांक- 2177 8448 3211 में मेरा नाम सुमन अवस्थी (SUMAN AWASTHI) पति स्व. सुभाष अवस्थी (SUBHASH AWASTHI) अंकित है। यह कि, मेरे राशन कार्ड कमांक- 223787673798 में मेरा नाम सुमनलता पति स्व. सुभाषचंद्र अंकित है। मेरे बैंक ऑफ बड़ोदा, शाखा-नंदिनी रोड भिलाई के खाता कमांक-50410100009768 में मेरा नाम (SUMANLATA AWASTHI) पति (SUBHASHCHAND) अंकित है। यह कि मेरे सही व वास्तविक नाम सुमनलता अवस्थी (SUMANLATA AWASTHI) पति स्व. सुभाषचंद अवस्थी (SUBHASHCHAND AWASTHI) को नाम में एकरूपता लाने एवं शासकीय गजट में प्रकाशित करवाने एवं इस आधार पर मेरे आधार कार्ड एवं शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत् आपके समक्ष यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती
सुमनलता अवस्थी
पति स्व. सुभाषचंद अवस्थी
निवासी मकान नं. 22, वार्ड नं. 25
रविदास नगर प्रकाश आटा चक्की केम्प 2, पावर हाऊस भिलाई,
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone/Fax No. 07700-251887
E-mail - cmonagri84@gmail.com
क्र./2804 / न.पं./राजस्व/2025-26
नगरी दिनांक 10/03/2026

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमति तरूणा साहू पति हर्षित कुमार साहू जाति तेली, निवासी ग्राम+पोस्ट खम्हरिया तह. नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 02 डमकाडीही नगरी पर स्थित काबिजदार एस कुमार पिता असकरण साहू के नाम स्थित बाऊण्ड्रीवाल युक्त कच्ची मकान-मलमा को मलमा-बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। विक्रेता का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 02 की मांग संख्या 168 पर दर्ज है। निकाय के कर संग्रहण पंजी से विक्रेता एस कुमार पिता असकरण साहू का नाम विलोपित कर आवेदिका अपना दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 10/04/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत नगरी

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
Email ID - rmczone1@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29059** दिनांक **09.03.2026**
वार्ड का नाम- **3 - संत कबीरदास वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 3 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR802K01264** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BHARAT KUMAR SINGH** पिता / पति श्री/ श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **ALOK SINGH, KAMLESH SINGH** पिता /पति श्री/श्रीमती **BHARAT KUMAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / ..../ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्रीमति दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं स्वर्णतला राजाभोज पति श्री कमलेश कुमार राजाभोज, निवासी एम.आई.जी.-2 बी 64/13, नेहरू नगर वेस्ट, वार्ड नं. 02, भिलाई, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं.-490020 यह शपथ करती हूं कि मेरे 12वीं के अंकसूची में मेरा पुराना नाम कटकवार स्वर्णलताबाई गजानंद पिता श्री गजानंद कटकवार है जिसको त्याग कर नया नाम स्वर्णतला राजाभोज पति श्री कमलेश कुमार राजाभोज, रख लिया है। अत: आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम स्वर्णतला राजाभोज पति श्री कमलेश कुमार राजाभोज, से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ती
स्वर्णतला राजाभोज
पति श्री कमलेश कुमार राजाभोज
निवासी एम.आई.जी.-2 बी 64/13,
नेहरू नगर वेस्ट, वार्ड नं.-02, भिलाई,
मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई,
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता खोमलाल देशमुख पिता देवधर प्रसाद, आयु 32 वर्ष निवासी- मकान नं.-92, वार्ड नं.-05, ग्राम व पो. तिरगा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री अंगीता देशमुख पिता खोमलाल देशमुख, की जन्मतिथि- 05/11/2017 है। यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम अंगीता देशमुख (ANGEETA DESHMUKH) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम संगीता देशमुख (SANGEETA DESHMUKH) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। यह कि संगीता देशमुख (SANGEETA DESHMUKH) एवं अंगीता देशमुख (ANGEETA DESHMUKH) दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरी पुत्री का ही नाम है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो में मेरी पुत्री का सही नाम अंगीता देशमुख (ANGEETA DESHMUKH) दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में शासकीय गजट प्रकाशन हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
खोमलाल देशमुख
पिता देवधर प्रसाद,
निवासी मकान नं. 92,
वार्ड नं. 05, ग्राम व पो. तिरगा
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202603104500033/ब-121/सन्-2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

फुंडा प.ह.न. 00020 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार भूपेन्द्र यादव /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम फुण्डा प.ह.ने. 20 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भपेन्द्र यादव पिता समारू राम यादव पता-फुण्डा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्वंय का जन्म दिनांक 08.09.2000 दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमाक 11.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202603104500032/ब-121/सन्-2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

फुंडा प.ह.न. 00020 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार शारदा यादव /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम फुण्डा प.ह.नं. 20 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शारदा यादव पिता समारू राम यादव पता-फुण्डा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्वंय का जन्म दिनांक 27.11.1998 दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुतकिया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमाक 11.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202603104500034/ब-121/सन्-2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

फुंडा प.ह.न. 00020 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार हेमंत यादव /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम फुण्डा प.ह.नं. 20 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हेमंत यादव पिता समारू राम यादव पता-फुण्डा तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्वंय का जन्म दिनांक 27.07.1996 दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमाक 11.03.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार पाटन (छ.ग.)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership Firm **M/s. "SHREE VENKATESH INDUSTRIES",** A-1 Vasant Corner, Avanti Vihar, Raipur (C.G.) having Registration No. **222202554312** has undergone changes by which **Mrs. Neha Tiwari D/o Pramod Tiwari** wants to enter into partnership and **Mrs. Sudha Jain W/o Late Dharmendra Swaroop Jain & Mr. Subhash Chandra Pruthi S/o Late Shri Dharamveer Pruthi** want to retire from the partnership. Without any objection, the continuing partner **Mr. Abhijit Chakravarty S/o Late Shri Arun Kumar Chakravarty** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a **new Partnership Deed has been made on 04/02/2026.**

ABHIJIT CHAKRAVARTY
For, M/s"SHREE VENKATESH INDUSTRIES"
(Partner)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202603100700016 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. अमीन कुरैशी पिता मो. जलील कुरैशी अन्य 02 निवासी राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 716/40 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता मो. सफदर खान के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 29.07.2021 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के अधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक लेखराम यादव पिता जीवराखन यादव निवासी पचरीपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग, प.ह.न. 19, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1268/26 रकबा 0.0040 हे./420 वर्गफीट भूमि को आवेदक के द्वारा दिनांक 04/06/2025 को गौरव साहू पिता रमेश साहू को रजिस्टर्ड बयनामा के द्वारा बिकी कर कब्जा व आधिपत्य प्रदान कर दिया गया है। उपरोक्त भूखण्ड का पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित होने के पश्चात राजस्व दस्तावेजों में त्रुटिवश खसरा नं. 1268/26 रकबा 0.0040 हे. के स्थान पर खसरा नं. 1268/35 का रकबा 0.0039 है. केता गौरव साहू पिता रमेश साहू के नाम पर दर्शित हो रहा है एवं खसरा नं. 1268/26 रकबा 0.0001 है. आवेदक के नाम पर दर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज खसरा नं. 1268/35 रकबा 0.0039 हे. को सुधार कर खसरा नं. 1268/26 रकबा 0.0040 हे./420 वर्गफीट दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.03.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) उम्र-44 वर्ष, निवासी मोची पारा डिघारी पोस्ट करेला तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) की वासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे अंकसूची एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो मे मेरा नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेठूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि, मैं अपने आधार कार्ड, शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो एवं भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेज, सरकारी, गैर-सरकारी, संस्था में मैं अपना नाम अन्नपूर्णा देवी खरे (ANNAPURNA DEVI KHARE) पिता जेवूराम खरे (JETHURAM KHARE) दर्ज कराना चाहती हूँ एवं इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊंगी। इस संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तित बाबत् छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहती हूँ जिस हेतु श्रीमान न्यायालय के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
देवी खरे पिता जेठूराम खरे
निवासी मोची पारा डिघारी
पोस्ट करेला तह. पाटन
जिला दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर- रामानुजगंज (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./2025-26 — **दिनांक 13.03.2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिये **दिनांक 06.04.2026 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन** निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	187089	दुढ़ीचुआ जलाशय योजना के यूनिट-1 हेड वर्क पर आर0डी0 210 मी. से 300 मी. के बीच नाला क्लोसर में बंड में मिट्टी कार्य, पउल फिलिंग बोल्डर टी पिचिंग एवं स्पील चैनल में आर0डी0 240 मी. पर शूटफॉल का निर्माण कार्य, आर0डी0 300 मी. से 495 मी. के बीच शेष मिट्टी का कार्य।	रु. 682.39 लाख ।
2	187090	दातराम जलाशय योजना के यूनिट-1 शीर्ष कार्य के सेन्ट्रल स्टील संरचना के उप स्ट्रिम एवं डाउल स्ट्रिम के कटऑफ एवं फलोर का निर्माण कार्य एवं यूनिट-2 नहर में 05 नग व्ही0आर0बी0, 08 नग सी0डी0, 06 नग आऊटलेट संलचना और मुख्य नहर में मिट्टी का कार्य।	रू. 170.39 लाख ।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.03.2026** समय 17.30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर,
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी- 252607206/7

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद

Phone No. :- 07749-222370, Email Id : ee-res.balod@gov.in

मैनुअल पध्दति जोनल निविदा सूचना प्रथम बार

क्रमांक / 18 /व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 — बालोद, दिनांक 13.03.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से बालोद जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के अन्तर्गत विभिन्न मदों द्वारा सौंपे गये छोटे-छोटे निर्माण कार्य में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों से **जनपद पंचायत बालोद (ग्रुप-अ एवं ब) गुरूर/डौण्डी/डौण्डीलोहारा / गुण्डरदेही** के लिये दि. 01.04.2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदा फार्म (A) में **विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से** एवं प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है एवं निविदा दिनांक 02.04.2026 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी ।

कार्य का नाम - जनपद पंचायत **जनपद पंचायत बालोद (ग्रुप-अ एवं ब) /गुरूर/डौण्डी/डौण्डीलोहारा / गुण्डरदेही के** अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य में (विद्युतीकरण कार्य हेतु) **प्रत्येक कार्य** के लिये (1) निविदा राशि रू. 10.00 लाख (प्रति ग्रुप) (2) अमानत राशि रू. 10000 (प्रति ग्रुप) (3) निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750.00 (प्रति ग्रुप)

निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in/Tender_entry.aspx में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग - बालोद

जी- 252607195/2

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में चिकित्सक संगठन एवं मेडिकल छात्राओं ने सौजन्य मुलाकात की और प्रदेश को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट मिलने पर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार लगातार प्राथमिकता के साथ बेहतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेशवासियों को सहज और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज हुआ करता था, जिसमें लगभग 100 से 150 सीटें थीं। आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 14 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग 1400 सीटें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित हुए हैं, जिनका लाभ प्रदेश के विद्यार्थियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में मेडिको सिटी की स्थापना की जा रही है, जहां बड़े-बड़े सुपरस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश के लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट की 2 सीट प्रदान किए जाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्री तुलसी कौशिक, डॉ. देवेंद्र कश्यप सहित जूडो और मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश का अलर्ट

राजनांदगांव में 40.5एष्ट पारा, सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा तापमान, अगले 4 दिनों में राहत की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गर्मी लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 16 मार्च को प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी और हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। ये स्थिति 20 मार्च तक बनी रह सकती है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान राजनांदगांव में 40.5एष्ट दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 16.6एष्ट रिकॉर्ड हुआ। प्रदेश में कहीं भी बारिश दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 दिनों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है, जिनकी रफ्तार 30 से 40 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

बौद्ध युवक -युवती परिचय सम्मेलन हुआ संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। आज दिनांक 15/03/2026 भारतीय बौद्ध महासभा जिला रायपुर के तत्वावधान में बौद्ध समाज का परिचय सम्मेलन डॉ बाबा साहेब आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन (बुध्द विहार देवेंद्र नगर) में किया गया।जिसमें समाज के छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश से युवा-युवती बड़ी संख्या में शामिल हुवे 80 युवती एव 95 युवक शामिल हुये कार्यक्रम के प्रारंभ भगवान बुद्ध की सामुहिक वंदना एवं कैण्डल प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में समाज की परिचय पत्रिका का विमोचन रायपुर संभाग आयुक्त मान. महादेव कावरे जी के कर कमलो से किया गया, इस आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा की राष्ट्रीय ट्रस्टी अलका बोरकर, संजय सेन्द्रे, सारंग हुमने, बेनिराम गायकवाड़, के,आर, उके उपस्थिति थे, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े एवं जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने परिचय सम्मेलन के उद्देश्य को बताया, अपर संचालक संजय गजघाटे ने रिश्ते के लिए व्यापार में कार्य करने वालो को प्राथमिकता देने कहा। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने सभी कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन करूणा वासनिक, मंजुषा माटे,ने किया। सहयोगी में सपना गजघाटे, वैशाली गवई, वैशाली मेश्राम रहे, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विजय गजघाटे, नरेंद्र बोरकर, जी, एस, मेश्राम, मदनलाल मेश्राम, मकरंद घोड़ेस्वर, सुरेन्द्र गोंडाने,रतन डोंगरे, विजय चौहान, अरूण वंजारी, राहुल रामटेके, हितेश गायकवाड़, राजेन्द्र गवई, महेश बोरकर, अनिल खोब्रागड़े, नलिनी बौद्ध, पुष्पा सतदेवे, उषा उके, माया पाटील, संघमित्रा गौरखेड़े, पुष्पा वैद्य, रूपलता कानेकर, पुरषोत्तम डोंगरे,अजय शेन्द्रे, राहुल वरके, भावेश परमार, दिलीप टेंभुरने, विनोद मेश्राम, विनोद भिमटे, सुनंदा बघेल, संध्या बडोले, नीना मेश्राम, दिव्यश्री करवाड़े, भाविन्द्रा भालाधरे, अरूणा लाड़े, वीरू मेश्राम, कुशाल टेंभुरने, आनंद राऊत, चिंतामणि गढ़पायले, सुधाकर गेडाम, राजेन्द्र वानखेड़े,मनोहर घोड़ीचोर,हरिश रामटे, विनायक वरघट, दिलीप मेश्राम, केशव सिंगनापुरे,प्रमोद वैद्य, अविनाश थुल, और समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में एलपीजी की किल्लत, एजेंसियों में लग रही लंबी लाइनें

बिलासपुर में 1500 देकर ब्लैक में खरीद रहे सिलेंडर, लकड़ी-कोयले की बढ़ी डिमांड

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत में भी देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ समेत देश के कई हिस्सों में LPG गैस सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं और कई जगहों पर सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। बिलासपुर, रायगढ़ सहित कई जिलों में सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ जुट रही है। लोग तेज धूप में घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद होने से अब होटल-ढाबों में कोयले की भट्ठी और लकड़ी का उपयोग किया जा रहा है। इस वजह से लकड़ी और कोयले की डिमांड बढ़ गई है। बिलासपुर में कई लोगों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद नंबर नहीं लग पा रहा है, जिसके कारण उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा। मजबूरी में कुछ उपभोक्ताओं को 1500 रुपए तक देकर ब्लैक में गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है। वहीं रायपुर, भिलाई और अंबिकापुर में भीड़ पहले की तुलना में कम हुई है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और सप्लाई भी लगातार आ रही है। उपभोक्ताओं से घबराने या जल्दबाजी में एजेंसी पहुंचने के बजाय अपनी बुकिंग के अनुसार सिलेंडर लेने की अपील की जा रही है।

‘चन्द्र जी रात सिंधिन जो मेलो-आनंद मेलो’ में शामिल हुए सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित बीटीआई मैदान में छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत द्वारा आयोजित ‘चन्द्र जी रात, सिंधिन जो मेलो ङ्क आनंद मेलो’ में शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास पुरुषार्थ और साहस का इतिहास है। विभाजन की विभीषिका की पीड़ा सबसे अधिक सिंधी समाज ने झेली। उस कठिन समय में आपके पूर्वजों ने अपनी संपत्ति छोड़ी, अपना घर छोड़ा, लेकिन अपना आत्मसम्मान और परिश्रम करने का स्वभाव कभी नहीं छोड़ा। शून्य से शिखर तक कैसे पहुँचा जाता है, यह सिंधी समाज ने आज पूरी दुनिया को सिखाया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के तहत किए गए अधिकांश वादों को पूरा कर लिया है और लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज बी.टी.आई. ग्राउंड में जो उत्साह दिखाई दे रहा है, वह बताता है कि सिंधी समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। ‘सिंधियत जो मेलो’ जैसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, खान-पान और सिंधी भाषा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही उन्हें पवित्र शदाणी दरबार में संतों का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वहाँ जो स्नेह और आत्मीयता उन्हें मिली, वही अपनापन आज यहाँ भी महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज की यही एकजुटता उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को चेट्रीचंड्र पर्व की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मुख्य मंच से सिंधु दर्शन यात्रा का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, धमतरी महापौर श्री रामू रोहरा, छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, श्रीचंद सुंदरानी सहित सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ की तरक्की में सिंधी समाज की प्रमुख भूमिका

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तरक्की में सिंधी समाज की प्रमुख भूमिका रही है। चाहे वह चेंबर ऑफकॉमर्स हो या प्रदेश का छोटा-बड़ा व्यापार, आपकी मेहनत से राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। आप केवल व्यापार ही नहीं करते, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं।भविष्य में हमने विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का जो सपना देखा है, उसमें सिंधी समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

रेलवे स्टेशन कैफे में बर्थडे पार्टी के दौरान हंगामा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित कैफे लाइट में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात बर्थडे मनाने पहुंचे युवतियों के परिवार के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। तीन युवकों पर युवतियों से अश्लील हरकतें करने और विरोध करने पर उनके भाइयों पर कुर्सियों से हमला करने का आरोप है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला गरमा गया, जिसके बाद जीआरपी ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 12 बजे घर पर केक काटने के बाद परिवार के सदस्य रेलवे स्टेशन परिसर स्थित कैफे लाइट में खाना खाने पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद तीन युवक नशे में थे और युवतियों की ओर देखकर फ्लाइंग किस करते हुए आपत्तिजनक कमेंट्स करने लगे। परिवार के लोगों ने शुरुआत में विवाद से बचने के लिए आरोपियों को नजरअंदाज किया, लेकिन कुछ देर बाद तीनों युवक उनके टेबल के पास आकर

बैठ गए और अश्लील बातें करने लगे। आरोप है कि युवतियों को उठाकर ले जाने तक की बात कही गई। जब युवतियों के भाइयों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनका कॉलर पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बदमाशों ने कैफे की कुर्सियां उठाकर हमला करना शुरू कर दिया। इससे कैफे में अफ्ातफ्ारी मच गई। घटना के बाद युवतियां और उनके परिजन जीआरपी थाना पहुंचे। हालांकि तब तक आरोपी मौके से फ्ारार हो चुके थे। जीआरपी के जवानों ने पीड़ित परिवार को सुरक्षित उनकी कार तक पहुंचाया। वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा मामला शनिवार शाम को मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया।

युवक को चोर समझकर की हत्या : ‘आंबेडकर’ के पांच सुरक्षा गार्ड्स को आजीवन कारावास

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व एक युवक की हत्या करने के आरोप में कोर्ट ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, वे सभी आंबेडकर अस्पताल के गार्ड हैं। आरोपियों ने मृतक को चोर समझकर अधमरा होते तक पिटाई करने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट में हुई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार, कोर्ट ने रोहित कुमार

कुशवाहा की हत्या के आरोप में सुभाषचंद्र यादव, भूपेंद्र मिश्रा, जयनारायण सिंह तथा योगेंद्र मिश्रा को कैद की सजा सुनाई है। पांच आरोपी मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक वर्ष 2023 को 5-6 दरमियानी रात रोहित आंबेडकर अस्पताल के पास फिजोयोथैरेपी कॉलेज के पास घूम रहा था। इस दौरान पांचों सुरक्षा गार्ड रोहित को चोर समझ और अधमरा होने तक पिटाई करने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करा दिए, जहां रोहित की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को अपने बयान में बताया था कि रोहित काम की तलाश में रायपुर आया था। पिछले कई दिनों से काम नहीं मिलने की वजह से भूखा-प्यासा भटक रहा था। सुरक्षा कर्मियों ने रोहित से बगैर पूछताछ किए उसके साथ मारपीट की। रोहित की मौत के बाद आरोपी सुरक्षाकर्मियों ने थाने में सूचना दी थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

रेलवे में एआई का कमाल: चंद मिनटों में मिलेगी मालगाड़ियों में खामियों की सटीक रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बदलते समय के साथ बेहतर काम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ले रहा है। यह तकनीक कमियों की सटीक पहचान कर चंद मिनटों में रिपोर्ट तैयार कर देती है। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के पीपी यार्ड में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इस आधुनिक सिस्टम का मुख्य उद्देश्य यार्ड में जांच के लिए आने वाली मालगाड़ियों के डिब्बों की टूट-फूट और खराबी की जल्दी और सही पहचान करना है। इससे मरम्मत के काम को अधिक असरदार बनाया जा सकेगा और रेलवे की सुरक्षा भी मजबूत होगी। एआई पर आधारित यह सिस्टम मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से वैगनों में होने वाली अलग-अलग तरह की खराबियों को पहचानता है। इसके जरिए वैगनों में दरवाजे न होना, टूटे हुए दरवाजे, बचा हुआ माल , फर्श की शीट का न होना और बॉडी पैनल की कमी जैसी खराबियों का अपने आप पता लगाया जा सकता है। जैसे ही कोई मालगाड़ी यार्ड में आती है और इस सिस्टम के पास से गुजरती है, यह तकनीक अपने आप हर वैगन नंबर के साथ उसमें मौजूद कमियों की एक पूरी रिपोर्ट तैयार कर देती है। इस सिस्टम में बेहतरीन क्वालिटी के 6 हाई डेफिनिशन कैमरे, खास लाइटिंग और एक अलग सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों से मिलने वाली तस्वीरों और सिग्नल्स को सर्वर पर परखा जाता है, जिसके आधार पर हर वैगन की स्थिति की पूरी और सटीक रिपोर्ट बनती है।

रायपुर में प्रॉपर्टी डीलर के बेटे को मारा चाकू

■ तेज साउंड में गाना बजाने पर फ्लैट में घुसे 4-5 लोग, तोड़फोड़ कर मारपीट की

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की इंद्रप्रस्थ फेस-2 सोसाइटी में रविवार देर रात गाना बजाने के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर के बेटे को 5 आरोपियों ने चाकू मार दिया। कान के पास चोट लगने से वो लहूलुहान हो गया। सीसीटीवी कैमरे में मिले वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की शिनाख्त कर रही है। मामला डीडी नगर

थाना इलाके का है। डीडी नगर पुलिस के अनुसार, इंद्रप्रस्थ फेस-2 सोसाइटी के डी-ब्लॉक स्थित फ्लैट में प्रॉपर्टी डीलर के बेटे सोजल थावरे और आर्यन थावरे रहते है। रविवार की शाम को उनके फ्लैट में तेज आवाज में गाना बज रहा था। इस दौरान रात 9 बजे दूसरे ब्लॉक में रहने वाले 4-5 लोग आए और उनके फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। आरोपियों ने गालियां देते हुए गाना बंद करने के लिए कहा। प्रॉपर्टी डीलर के बेटों ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान चाकूबाजी भी की। जान बचाने के लिए युवकों को 9वें माले पर छिपना पड़ा।

सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

डीडी नगर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफबलवा और जानलेवा हमले की धाराओं में केस दर्ज किया है। वारदात के बाद सभी हमलावर फ्रार हो गए। पुलिस सोसाइटी के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद पॉश सोसाइटी इंद्रप्रस्थ के रहवासियों में भारी दहशत का माहौल है।

फ्लोरामैक्स ठगी मामले में राष्ट्रीय जनजाति आयोग सख्त

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फ्लोरामैक्स कंपनी के नाम पर महिलाओं से हुई कथित ठगी के मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत पर आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। ननकी राम कंवर ने आरोप लगाया था कि फ्लोरामैक्स कंपनी के नाम पर 40 हजार से अधिक महिलाओं से अरबों रुपये की ठगी की गई है। इस मामले में कोरबा के तत्कालीन कलेक्टर अजीत बसंत पर शासन और आयोग को गलत जानकारी देने का भी आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि 16 अक्टूबर 2025 को आयोग ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को पीड़ित महिलाओं की शिकायतों पर कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

ओएसिस फर्टिलिटी की ‘जननी यात्रा’ पहुंची रायपुर

लोगों के बीच फर्टिलिटी जागरूकता को बढ़ावा देने की अनूठी पहल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रजनन चिकित्सा के क्षेत्र में भारत का भरोसेमंद नाम, ओएसिस फर्टिलिटी अब अपनी देशव्यापी फर्टिलिटी जागरूकता पहल ‘ओएसिस जननी यात्रा’ के अगले पड़ाव के रूप में छत्तीसगढ़ के रायपुर पहुँच चुकी है। इससे पहले यह यात्रा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और ओडिशा में कई दंपतियों तक पहुँचकर उन्हें मार्गदर्शन दे चुकी है। इस पहल का उद्देश्य टियर I, II और III शहरों और क्षेत्रों में लोगों तक फर्टिलिटी से जुड़ी जागरूकता, विशेषज्ञ सलाह और शुरुआती जाँच की सुविधा को सीधे समुदायों तक पहुँचाना है।भारतीय समाचार पोर्टल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आशा जैन, डायरेक्टर-एसएमएसए हॉस्पिटल और मेडिकल डायरेक्टर, कैंसर प्रिवेंशन रिलीफसोसाइटी तथा डॉ. अनामिका सिंह, एमआईसी सदस्य- रायपुर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने परिवारों तक प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारी पहुँचाने और समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए ओएसिस फर्टिलिटी की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा जैन ने कहा, ओएसिस जननी यात्रा प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण पहल है, जो बेहतर फर्टिलिटी देखभाल सीधे स्थानीय समुदायों तक ला रही है। छत्तीसगढ़ में घटती टीएफआर को देखते हुए फर्टिलिटी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान सिर्फ जागरूकता और बेहतर पहुँच की उपलब्धता से ही संभव है और यह पहल दोनों दिशा में काम कर रही है। इन समुदायों से जुड़कर ओएसिस जननी यात्रा परिवारों को सही निर्णय लेने के लिए सक्षम बना रही है।

नि:शुल्क फर्टिलिटी परामर्श और जांच भी दे रही संस्था

बदलती जीवनशैली, देर से माता-पिता बनने की प्रवृत्ति और वैज्ञानिक जानकारी की कमी के कारण फर्टिलिटी से जुड़ी चुनौतियाँ लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में, ओएसिस जननी यात्रा बस के माध्यम से लोगों को नि:शुल्क फर्टिलिटी परामर्श, नि:शुल्क एएमएच और हीमोग्लोबिन जाँच, नि:शुल्क सीमेन एनालिसिस और सुरक्षित व स्वच्छ सैंपल कलेक्शन की सुविधा दी जा रही है, ताकि दंपतियों को समय रहते सही और संवेदनशील मार्गदर्शन मिल सके। रायपुर के बाद यह यात्रा आने वाले दिनों में तिल्दा नेवरा, नुआपाड़ा, बलौदा बाजार और अन्य क्षेत्रों को कवर करेगी, जहाँ लोगों को जागरूक किया जाएगा और शुरुआती जाँच की सुविधा पहुँचाई जाएगी।

कटक कॉलेज में हुई दुर्घटना पर सीएम साय ने जताया शोक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ओडिशा के कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा केयर आईसीयू में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ की जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। जगन्नाथ स्वामी कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें।

मिडल ईस्ट में महायुद्ध: खाड़ी देशों पर ईरानी मिसाइलों की बौछार

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के दौरान ईरान द्वारा अपने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच अरब खाड़ी देशों ने रविवार को अपने ऊपर मिसाइल और ड्रोन हमलों की सूचना दी। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की लपटें अब इजराइल की सीमाओं को लांघकर पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैल गई हैं। रविवार को ईरान ने अपने हमलों का दायरा बढ़ाते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन और ओमान जैसे पड़ोसी देशों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे। इस हमले ने न केवल वैश्विक विमानन सेवाओं को अस्त-व्यस्त कर दिया है, बल्कि दुनिया की ईंधन आपूर्ति की जीवन रेखा कहे जाने वाले हॉर्मुज जलडमरूमध्य को भी संकट में डाल दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को ''बंद करने'' के ईरान के प्रयास से प्रभावित देशों से आग्रह किया कि वे वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण इस संकरे समुद्री मार्ग को सुरक्षित करने के लिए पोत भेजें। ईरानी हमलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात को प्रभावित किया है जो कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है।

न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी तेज रफ्तार कार, चार युवकों की मौत

मुरादाबाद (वार्ता)। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रामपुर की तरफ से आ रही कार ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। इसमें चार लोगों की मौत हो गई। उनकी पहचान नैनीताल जिले के निवासी के तौर पर हुई है। सोमवार सुबह मूंढापांडे क्षेत्र के मनकरा मोड़ के पासतेज रफ्तार कार आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद मूंढापांडे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने कार सवार पांच युवकों में से चार को मृत घोषित कर दिया। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीओ हाईवे राजेश कुमार ने बताया कि हादसे मे दयाल रावत निवासी वीमिला कंपाउंड पालीवाल नैनीताल, अनिल नेगी (38), सुंदर सैनी (42), भुवन भंडारी(37)हल्द्वानी की जान चली गई। चालक यशदीप पांडे निवासी हल्द्वानी गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला।

हिमाचल प्रदेश में 21 मार्च को पेश होगा चौथा बजट

शिमला। हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार 21 मार्च को अपना चौथा बजट पेश करेगी, लेकिन तीन साल पहले पहले बजट भाषण में की गईं कई घोषणाएं अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में घोषित कई योजनाएं फाइलों से बाहर नहीं निकल सकी हैं। कुछ घोषणाओं पर तो काम ही शुरू नहीं हो सका है। साल 2024-25 और 2025-2026 के बजट की भी कई घोषणाओं पर अभी तक काम नहीं हुआ है। विशेषज्ञ इसे संसाधनों की कमी के साथ वित्तीय प्रबंधन की कमजोरी से जोड़ रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार का दावा है कि बजट की सभी घोषणाओं पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। सुक्खू सरकार के पहले बजट (वर्ष 2023-24) में छह ग्रीन कॉरिडोर बनाने और 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को ग्रीन एनर्जी स्टेट के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई थी।

किश्तवाड़ में एचआरटी प्रोजेक्ट पर भूस्खलन, दो लोगों की मौत

किश्तवाड़(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को डांगडरो इलाके में स्थित एचआरटी (हेड रेस टनल) प्रोजेक्ट साइट पर भूस्खलन होने से दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, भूस्खलन उस समय हुआ जब प्रोजेक्ट साइट पर एक वाहन मौजूद था। अचानक पहाड़ी से मलबा गिरने लगा और वाहन उसकी चपेट में आ गया। इस दौरान कई लोग मलबे के नीचे दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। रेड क्रॉस सोसायटी किश्तवाड़ यूनिट के अनुसार अब तक मलबे से दो शव बरामद किए जा चुके हैं। मृतकों की पहचान डोडा निवासी शहनवाज अहमद और किश्तवाड़ जिले के पालमार निवासी निशात अहमद के रूप में हुई है।

ट्रंप का दावा- अमेरिका ने ईरान को सैन्य रूप से हरा दिया, वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त किया

होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए ट्रंप ने मांगा दुनिया का साथ

जलडमरूमध्य की सुरक्षा पर जोर

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा हम होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए अन्य देशों से बात कर रहे हैं, क्योंकि यह उनके लिए भी महत्वपूर्ण है। चीन, उदाहरण के तौर पर, अपनी 90 प्रतिशत तेल आपूर्ति इसी जलडमरूमध्य से करता है। यह अच्छा होगा अगर अन्य देश भी हमारे साथ मिलकर इसकी सुरक्षा करें।

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान को सैन्य रूप से हरा दिया है और उसकी वायु रक्षा प्रणाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का मुकाबला करने के लिए वह अन्य देशों से बातचीत कर रहे हैं ताकि वे होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा में सहयोग करें। ट्रंप के अनुसार, अमेरिका ने ईरान के हवाई अड्डों और वायु रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा, ÷ईरान के पास अब कोई वायु रक्षा प्रणाली नहीं है। हमने उनके नेतृत्व को भी निशाना बनाया है। सैन्य दृष्टि से यह अद्भुत रहा है। हमने खर्ग द्वीप पर हमला किया है। ईरान द्वारा बातचीत की पहल पर ट्रंप ने कहा वे बातचीत करना चाहते थे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे अभी तैयार हैं। मुझे लगता है कि वे कुछ समय बाद तैयार होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की मिसाइलों और ड्रोन निर्माण क्षमता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा ईरान की मिसाइलें अब बहुत कम बची हैं। हम उनके ड्रोन बनाने की क्षमता को भी नष्ट कर रहे हैं। हम उन जगहों को निशाना बना रहे हैं जहां वे ड्रोन बनाते हैं।

अमेरिका जलडमरूमध्य की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा एक ऐसा काम है जिसे अमेरिका को करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसकी आवश्यकता उन देशों को है जो इस मार्ग पर निर्भर हैं। ट्रंप ने बताया कि वर्षों से अमेरिका इस जलडमरूमध्य की निगरानी कर रहा है और इसमें शानदार प्रदर्शन किया है। ट्रंप ने आगे कहा कि अब जब युद्ध लगभग समाप्त हो चुका है और ईरान की सैन्य क्षमता काफी हद तक कम हो गई है, तो यह अच्छा होगा कि अन्य देश भी इसमें योगदान दें।

ईरान मीडिया में हेरफेर और एआई का दुरुपयोग कर रहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर मीडिया में हेरफेर करने और दुष्प्रचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर जारी एक पोस्ट में कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन झूठी खबरें फैलाने में माहिर है, खासकर फेक न्यूज मीडिया को। ट्रंप के अनुसार, एआई अब ईरान का एक नया हथियार बन गया है, जिसका उपयोग वह अपनी कमजोर सैन्य स्थिति को छुपाने और अपनी शक्ति का झूठा प्रदर्शन करने के लिए कर रहा है।

ट्रंप ने नाटो और यूक्रेन का भी जिक्र किया और कहा कि अमेरिका हमेशा अपने सहयोगियों के साथ खड़ा है। उन्होंने जोर दिया कि जलडमरूमध्य को खुला रखना एक छोटा सा प्रयास है जिसके लिए अन्य देशों का सहयोग आवश्यक है।

भारतीय जहाजों के लिए किसी खास समझौते की जरूरत नहीं: जयशंकर

नई दिल्ली/ए.। पश्चिम एशिया में 17 दिन से जारी संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार को हिला कर रख दिया है। इसका बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर देखने को मिला, जिसके चलते दुनियाभर की तेल आपूर्तियों संकट के बादल तक दिखने लगे। इसी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत ने कूटनीतिक कदम उठाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत ईरान के साथ सीधे और निर्णायक संवाद कर रहा है, जिससे भारतीय ध्वज के साथ जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो रहा है। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि ईरानी अधिकारियों के साथ सीधे संवाद ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। इसके तहत अभी कई और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरना बाकी है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि हर भारतीय जहाज को व्यक्तिगत रूप से अनुमति दी जा रही है और इसके लिए भारत और ईरान के बीच कोई नया समझौता नहीं हुआ है। बता दें कि पिछले सप्ताह ईरान ने दो भारतीय झंडाधारी एलपीजी वाहनों को हॉर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेसीयान के टेलीफोनिक संवाद के कुछ ही घंटे बाद आया, जो अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद पहला संपर्क था। इसके अलावा, जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची के बीच भी चर्चा हुई।

इस आवाजाही के लिए कोई समझौता नहीं : जयशंकर

जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बदले ईरान को भारत की तरफ से कोई लाभ नहीं दिया गया। उनका कहना था कि भारत और ईरान के बीच पुराना सहयोग रहा है, इसी आधार पर हमने यह कदम उठाया। यह कोई लेन-देन का मामला नहीं है।

आरएसएस की नजर में यूपी-उत्तराखंड अहम क्षेत्र, करने जा रहा बड़ा बदलाव

लखनऊ(वार्ता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देशभर में अपने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव का खाका तैयार किया है। इसमें सबसे अहम बदलाव यूपी और उत्तराखंड के संगठनात्मक ढांचे में किया गया है। नई संरचना में उत्तर प्रदेश से जुड़े अहम बदलाव किए गए हैं। संघ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को मिलाकर उत्तर क्षेत्र बनाने का फैसला किया है। हालांकि इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

यह बदलाव विधानसभा चुनाव के बाद अगले साल मार्च से लागू किए जाएंगे। यह क्षेत्र संगठनात्मक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दोनों राज्यों में संघ की शाखाओं और कार्यकर्ताओं की संख्या काफी अधिक है। पानीपत (हरियाणा) के समालखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के अंतिम दिन रविवार को संघ ने संगठनात्मक बदलाव के खाके को अंतिम रूप दिया है। फिलहाल यह तय किया गया है कि संघ के शताब्दी वर्ष के कारण नई तैनातियां नहीं की जाएंगी, लेकिन भविष्य में नई संरचना के आधार पर संगठन का काम आगे बढ़ेगा। इस नई व्यवस्था में देश को 9 क्षेत्रों और 85 संभागों में बांटने की योजना बनाई गई है। क्षेत्र स्तर पर संगठन के समन्वय और विस्तार पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि संभाग स्थानीय शाखाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन का जिम्मा संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार, उत्तर क्षेत्र में दो अलग-अलग इकाइयां होंगी, जो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन करेंगी।

राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा

खड़गे बोले- सरकार को पहले से पता था, इंतजाम क्यों नहीं किया, टीएमसी सांसदों का वॉकआउट

नई दिल्ली। बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। पार्टी ने चुनाव आयोग के बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाने के फैसले का विरोध किया।

लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल पूरा हुआ

इधर लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसदे के सवालों के जवाब दिए।

भारत का व्यापार घाटा फरवरी में घटकर 27.1 अरब डॉलर पर आया

नई दिल्ली। फरवरी 2026 में भारत के व्यापारिक मोर्चे पर एक मिली-जुली तस्वीर सामने आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश का व्यापार घाटा मासिक आधार पर कम होकर 27.1 अरब डॉलर रह गया है। हालांकि, यह राहत अस्थाई साबित हो सकती है, क्योंकि पश्चिमी एशिया में ईरान विवाद के कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक टैरिफ नीतियों में अनिश्चितता ने व्यापार प्रवाह और भारतीय निर्यातकों की धारणा पर दबाव डालना शुरू कर दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2026 में भारत का वस्तु व्यापार घाटा 27.10 अरब डॉलर दर्ज किया गया। यह आंकड़ा जनवरी महीने के 34.68 अरब डॉलर के व्यापार घाटे से काफी कम है। रॉयटर्स पोल में अर्थशास्त्रियों ने इस घाटे के 28.8 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया था, जिससे ताज़ा आंकड़े बेहतर साबित हुए हैं। हालांकि, पिछले साल फरवरी के 14.42 अरब डॉलर के मुकाबले वार्षिक आधार पर घाटे में विस्तार हुआ है, जिसका मुख्य कारण आयात में भारी वृद्धि है। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में भारत का निर्यात 36.61 अरब डॉलर और आयात 63.71 अरब डॉलर रहा। वहीं, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अप्रैल से फरवरी की अवधि के लिए, भारत का कुल वस्तु निर्यात पिछले वर्ष के 395.66 अरब डॉलर से 1.84त्न बढ़कर 402.93 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। भले ही मासिक घाटे में कमी आई हो, लेकिन वैश्विक व्यापार प्रवाह पर नए संकट मंडरा रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला में बाधाः मध्य पूर्व, विशेषकर ईरान से जुड़े मौजूदा संघर्ष ने ऊर्जा बाज़ारों और पश्चिमी एशिया के प्रमुख समुद्री मार्गों को बाधित कर दिया है।

हम वर्ल्ड कप 2023 जीतने के काफी करीब थे, मगर...: शुभमन

नई दिल्ली/ए.। भारत के वनडे कप्तान शुभमन गिल अगले साल वनडे वर्ल्ड कप जीतना चाहते हैं और यही उनकी टीम का सबसे बड़ा लक्ष्य भी है. खासकर उसके बाद, जब वह टूर्नामेंट के पिछले एडिशन में इस खिताब को जीतने के बाद काफी करीब पहुंच गए थे.

लगातार 10 मैच जीतने के शानदार रिकॉर्ड के बावजूद भारत को 2023 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बीसीसीआई नमन पुरस्कार के दौरान 'स्टार स्पोर्ट्स' पर जब गिल से पूछा गया कि क्या वे अगले वनडे वर्ल्ड कप के बारे में सोचते हैं तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल, मैं सोचता हूं. यही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि हमें लगा था कि पिछली बार जब हम भारत में (फाइनल में) थे तो हम जीत के बेहद करीब पहुंच गए थे. अब साउथ अफ्रीका में हमें इसे जीतने का एक और मौका मिल रहा है जो हमारे लिए एक शानदार अवसर होगा. गिल ने कहा कि देश के लिए किसी भी फॉर्मेट में विश्व कप जीतना ही सबसे बड़ा लक्ष्य होता है इसलिए बेशक यह बात कभी-कभी उनके मन में आती रहती है. भारत के टी20 कप्तान सूर्यकप्तान यादव को भी 2023 में न जीत पाने का मलाल है. वह उस फाइनल को दोबारा खेलना और जीतना चाहते हैं।

ऑस्कर 2026 के बाद वैनिटी फेयर आफ्टर पार्टी में सितारों का जलवा

नई दिल्ली/ए.। ऑस्कर 2026 में लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का दबदबा देखने को मिला। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने बेस्ट फिल्म समेत कुल 6 अवॉर्ड अपने नाम किए। जबकि रियान कूगलर की 'सिनर्स' को 4 ऑस्कर अवॉर्ड मिले। माइकल बी जॉर्डन को 'सिनर्स' के लिए बेस्ट एक्टर और जेसी बकले को 'हैमनेट' के बेस्ट अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके बाद सेलेब्स वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर पार्टी में शामिल हुए।

माइकल बी जॉर्डन

'सिनर्स' के लिए माइकल बी जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। इसके बाद वे वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर पार्टी ब्राउन कलर के क्लासिक सूट में नजर आए।

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस

ऑस्कर अवॉर्ड्स में प्रियंका चोपड़ा बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थी। समारोह के बाद प्रियंका और निक वैनिटी फेयर आफ्टर पार्टी में शामिल हुए, जहां प्रियंका ब्राउन शाइनिंग गाउन और निक स्किन कलर के ब्लेजर में नजर आए।

क्रिस इवांस और अल्बा बैपटिस्टा

क्रिस इवांस भी अपनी पत्नी अल्बा बैपटिस्टा के साथ वैनिटी फेयर आफ्टर पार्टी में शामिल हुए। इस बीच अल्बा बैपटिस्टा रेड ड्रेस में, तो वहीं क्रिस ब्लू सूट में नजर आए।

टिमोथी चालमेट और काइली जेनर

ऑस्कर अवॉर्ड के रेड कार्पेट पर टिमोथी चालमेट और काइली जेनर ने एक साथ फोटो नहीं खिंचवाई।

56 दिन बाद सत्यमदास मानिकपुरी हत्याकांड का खुलासा, नाबालिग ने की थी हत्या

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के बहुचर्चित सत्यमदास मानिकपुरी हत्याकांड का आखिरकार खुलासा हो गया है। करीब 56 दिनों तक चली गहन जांच के बाद कबीरधाम पुलिस ने मामले की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में विधि से संघर्षरत एक नाबालिग बालक को हिरासत में लिया गया है, जिसने पूछताछ में हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार 17 जनवरी 2026 को थाना कवर्धा क्षेत्र के लालपुर नर्सरी के पीछे सड़क पर एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की तो युवक की पहचान सत्यमदास मानिकपुरी (27 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 26 घोठिया रोड कवर्धा के रूप में हुई। मृतक पेशे से डांस शिक्षक था और पांडातराई क्षेत्र के एक निजी स्कूल में बच्चों को डांस सिखाता था। उसके गले में चाकू से वार कर हत्या की गई थी। इस मामले में थाना कवर्धा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच

शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अलग-अलग विशेष जांच टीमें गठित कीं। लगभग 56 दिनों तक लगातार जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने 50 हजार से अधिक मोबाइल नंबरों के कॉल डाटा का विश्लेषण किया तथा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की बारीकी से जांच की। साथ ही मृतक के मित्रों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस ने क्षेत्र के कई संदिग्ध व्यक्तियों और बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को भी थाने लाकर पूछताछ की।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और एथिकल हैकिंग तकनीकों की मदद से मृतक के इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की गतिविधियों का भी परीक्षण किया। इसी जांच के दौरान एक नाबालिग बालक पर संदेह गहराया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक और नाबालिग के बीच करीब तीन महीने पहले से जान-पहचान थी और दोनों के बीच अप्राकृतिक संबंध बने हुए थे। बाद में इस संबंध को लेकर विवाद होने लगा और मृतक नाबालिग को बार-बार ब्लैकमेल कर रहा था। इसी से परेशान होकर नाबालिग ने हत्या की योजना बनाई। घटना वाले दिन नाबालिग ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से मृतक को बुलाया और दोनों स्कूटी से लालपुर नर्सरी के पास पहुंचे। नाबालिग अपने घर से पहले ही चाकू लेकर निकला था। मौके पर पहुंचते ही उसने मृतक के गले पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद आरोपी नाबालिग ने मृतक का मोबाइल और सिम कार्ड नदी में अलग-अलग स्थानों पर फेंक दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी, चाकू, खून से सने कपड़े तथा नदी में फेंका गया मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। सिम कार्ड की तलाश अभी जारी है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि नाबालिग ने अपने मोबाइल पर अपराध करने के बाद कैसे बचें, मोबाइल ट्रैकिंग से कैसे बचें, मनोविज्ञान, डर का पैटर्न और साइकॉलोजिकल थ्रिलर जैसे विषयों से संबंधित इंटरनेट सर्च किए थे। पुलिस ने मोबाइल की सर्च हिस्ट्री के स्क्रीनशॉट लेकर पंचनामा तैयार किया है।

फिलहाल कबीरधाम पुलिस ने विधि से संघर्षरत नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

न्यूज गैलरी

नवरात्रि में सुविधा, दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का मैहर में अस्थायी ठहराव

रायपुर/नवप्रदेश। नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 18 मार्च से 29 मार्च 2026 तक लागू रहेगी, जिससे मां शारदा मंदिर मैहर में दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संचालित ट्रेन संख्या 18201/18202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के मैहर स्टेशन पर पांच मिनट का अस्थायी ठहराव दिया गया है। नवरात्रि मेले के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। दुर्ग से रवाना होने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर सुबह 5:×5 बजे पहुंचेगी और 5:40 बजे रवाना होगी। ठीक इसी तरह नौतनवा से रवाना होने वाली नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर रात 1:55 बजे पहुंचेगी और 2 बजे प्रस्थान करेगी।

क्रिप्टो से कमाई का झांसा देकर 56 लाख कराए ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी सुशील कुमार से सायबर ठगों ने फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की और क्रिप्टो, शेयरों में निवेश करने से अच्छी कमाई का झांसा देकर कई एप डाउनलोड कराकर 56 लाख रुपए विभिन्न एकाउन्ट में ट्रांसफर करा लिये। 2025 में हुए फ्रॉड की शिकायत अब दर्ज करई गई है। खबर है कि युवती ने फेसबुक फ्रेंड बनकर कारोबारी को झांसे में लिया। बाद में वह कई और लोगों को एक्सपर्ट और अपना अधिकारी बताकर कारोबारी की बात कराती रही। राजेन्द्रनगर थाने में सायबर फ्रॉड व समेत पुराना सोना बेचने के नाम पर ठगी के आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हो चुके हैं। हालांकि पुलिस की जांच की रफ्तार धीमी है। मोबाइल फोन नंबर समेत कई और सुराग पीड़ितों द्वारा देने के बाद भी पुलिस नकली सोना बेचने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वालों को गिरफ्त में नहीं ले पा रही है। अमलीडीह पुलिस कॉलोनी निवासी अजय रत्नाकर को भी ठगों ने ऑनलाइन कलर ट्रेडिंग करने पर जल्दी और ज्यादा कमाई का झांसा देकर बड़ी रकम जमा करवाई। बाद में मोबाइल बंद कर दिए जाने पर ठगी का पता चला। पुलिस कर्मी ने 1.95 लाख की ठगी की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में लिखाई है।

रायपुर-रीवा फ्लाइट का शुभारंभ आज, सीएम साय भी होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रीवा-रायपुर-रीवा फ्लाइट का आज 17 मार्च को शुभारंभ हो रहा है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने मध्यप्रदेश के मंत्री राजेंद्र शुक्ल छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। उनके आगमन को लेकर विंध्याचल कल्याण सर्व समाज, बघेलखंड क्षत्रिय संगठन और विध्य एकता संगठन ने स्वागत की तैयारी की है। बताया गया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी विंध्याचल कल्याण सर्व समाज के अध्यक्ष कल्याण प्रसाद पाण्डेय ने दी।

18 मार्च को कर्मचारी फेडरेशन का जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेशभर के कर्मचारी अधिकारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च बुधवार को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन करेंगे। लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान तथा अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग शामिल है। फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला व बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर सभी सेवा लाभ देने की मांग की है। इसके अलावा सहायक शिक्षकों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई गई है। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निःशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। विभागों में सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली व सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग की गई है। फेडरेशन ने प्रदेश के सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित करें।

खबर का असर: नवप्रदेश में खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासनिक अमला

विभाग ने अंधे ब्रेकरों में पेंट लगाने का काम शुरू किया

सड़क पर बने ब्रेकर, संकेतक बोर्ड न होने से हो रहे हादसे, विभाग भी मौन

नगरवासियों ने नव प्रदेश के प्रति जताया आभार

अंतागढ़/नवप्रदेश। नगर में बने ब्रेकरो को लेकर नवप्रदेश मे लगातार खबर प्रकशित हो रहा था जहाँ अब खबर का असर देखने को मिला संबंधित पीड़ब्लूड़ी विभाग और ठेकेदार नींद से जाग नगर मे बने ब्रेकरों मे सफ़ेद्द मोटा पट्टी तथा सडक के दोनों किनारे एवं बीच मे पतली सफेद पट्टी दार लाइने का काम चालू कर दिया गया है।

साथ ही साथ हर ब्रेकरों से 40 मीटर दूर गति अवरोध बोर्ड लगाया जायेगा वही सफ़ेद्द पट्टी एवं ब्रेकरो मे रिफ्लेक्टर भी लगया जायेगा ताकि छोटी बड़ी वाहनों को ब्रेकर साफ साफ दिखाई दे और वाहन धीरे कर आसानी से अपने गतंव्य तक सुरक्षित पहुंच सके खैर विभाग देर से जागा और अपनी जिम्मेदारी निभाया इसके लिए विभाग बधाई के पात्र भी है!

कई घटनाओं के बाद भी ध्यान नहीं दे रहा था विभाग, नवप्रदेश ने उठाया मुद्दा

नगर के शहीद वीर नारायण चौक पर बने ब्रेकर पर आए गिर कर घायल हो रहे लोगो को देख कुछ स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से ब्रेकरो मे पेंट लगा लोगो को इस अंधे ब्रेकरो से बचाने का प्रयास किया गया था जो कुछ हद तक सफल भी रहा है वही इस ओर शासन प्रशासन हो रही बार बार दुर्घटना पर किसी प्रकार की कोई अपनी सक्रियता नहीं दिखाई लोग ब्रेकर की वजह से घायल हो रहे थे।

क्या कहता है नियम

ब्रेकरों की मापदंड की जाए तो इंडियन रोड कांग्रेस (IRC) के अनुसार, स्पीड ब्रेकर की अधिकतम ऊंचाई 4 इंच (10-100 मिमी) और चौड़ाई 3.5 से 3.7 मीटर होनी चाहिए। दोनों ओर 2-2 मीटर का ढलान होना आवश्यक है ताकि वाहन आसानी से उतर सकें। इसके अलावा ब्रेकर पर सफेद / काली मार्किंग, 40 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर लगे होने चाहिए। लेकिन यहां नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है कही भी ऐसा मापदंड नजर नहीं आ रहा हैं।

बता दें कि अंतागढ़ नगर में उन्मुक्त खेल मैदान से जोगी दहरा नदी तक लगभग दो किलोमीटर के दायरे में बने 7 स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे । स्थानीय लोग शिकायत था कि इन ब्रेकरों पर न तो पर्याप्त चेतावनी बोर्ड लगे हैं और न ही पुताई की गई है। इसके कारण बाइक और स्कूटी चालक दूर से ब्रेकर को नहीं देख पाते और गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वही नवप्रदेश ने प्राथमिकता से लगातार खबर प्रकशित किया था जिसका असर देखने को भी मिला। ब्रेकरों से हो रही आए दिन दुर्घटनाओं से नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि भी आंख मूंदे बैठे रहे नगरीय क्षेत्र होने के चलते इस ओर ध्यान देना चाहिए था, ताकि नगर क्षेत्र में हो रही पर अंकुश लगाया जा सके पर नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी जनप्रतिनिधि मुकदर्शक बने बैठे रहे।

सरकारी भवन में निजी एजेंसी ले रही 10-10 हजार रुपए, स्वास्थ्य विभाग के अफसर बोले-जानकारी नहीं

108 एंबुलेंस ट्रेनिंग के नाम पर वसूली का आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 108 इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा का नया टेंडर लागू होने से पहले ट्रेनिंग के नाम पर वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि नई ठेका एजेंसी जीवीके द्वारा कर्मचारियों और नए युवाओं को ट्रेनिंग देने के नाम पर प्रति व्यक्ति 10-10 हजार रुपए लिए जा रहे हैं, जबकि ट्रेनिंग सरकारी भवन में कराई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक राजधानी रायपुर समेत बिलासपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव और जगदलपुर में सरकारी और निजी भवनों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अब तक तीन बैच को ट्रेनिंग दी जा चुकी है और चौथे बैच के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। रायपुर में अंबेडकर अस्पताल के पास जेल चौक स्थित रा'य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर में पिछले करीब एक महीने से प्रशिक्षण चल रहा है। यहां सुबह 9:×0 बजे से शाम 5 बजे तक 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों और नए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पड़ताल में सामने आया कि रायपुर में एक बैच की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है और दूसरी बैच का प्रशिक्षण जारी है। यहां अंबिकापुर, बालोद, बलरामपुर, जशपुर, दुर्ग, जगदलपुर और बस्तर संभाग के कई जिलों से युवा प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक (ट्रेनिंग) डॉ. सुरेंद्र पामभोई ने कहा कि विभाग ने केवल भवन उपलब्ध कराया है। उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि ट्रेनिंग के नाम पर युवाओं से पैसे लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि फीस लेने की पुष्टि होती है तो सरकारी भवन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। वहीं जीवीके के प्रतिनिधि एस. शीबू का कहना है कि अधिकारियों को पहले ही ट्रेनिंग कार्यक्रम और फीस के बारे में जानकारी दे दी गई थी। उनका दावा है कि सब कुछ अधिकारियों की अनुमति से ही किया जा रहा है।

नए युवाओं से 10 दिन की ट्रेनिंग के लिए फीस

बताया जा रहा है कि पहले से एंबुलेंस सेवा में काम कर रहे कर्मचारियों को तीन दिन और नए युवाओं को 10 दिन की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के लिए बीएससी और पैरामेडिकल कोर्स कर चुके युवाओं को चुना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक जब ट्रेनिंग की जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया तो बताया गया कि नए युवाओं को ट्रेनिंग के लिए 10 हजार रुपए फीस देनी होगी। प्रशिक्षण में इमरजेंसी मैनेजमेंट, सीपीआर और जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस में प्रसव जैसी स्थितियों को संभालने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आज कांग्रेस का विधानसभा घेराव, 30 हजार कार्यकर्ताओं के जुटने का अनुमान

भारत माता चौक से मरीन ड्राइव होते हुए विधानसभा की ओर कूच करेंगे कांग्रेस नेता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा आज विधानसभा घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मनरेगा बचाओ संग्राम, बिजली दरों में बढ़ोतरी, किसानों से वादाखिलाफी, रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और ब्लैक मार्केटिंग के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

कांग्रेस के इस प्रदर्शन में प्रदेशभर से करीब 30 हजार नेताओं और कार्यकर्ताओं के राजधानी पहुंचने का लक्ष्य तय किया गया है। कार्यक्रम के तहत सभी कार्यकर्ता राजधानी के शंकर नगर स्थित भारत माता चौक में एकत्रित होंगे और वहां से मरीन ड्राइव मार्ग होते हुए विधानसभा की ओर कूच करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि विधानसभा घेराव कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी महासचिव सचिन पायलट सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला और विधानसभावार स्तर पर बैठकों का दौर चल रहा था और प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में भी तैयारियों को लेकर बैठकें की गई थीं। बतौर विपक्ष प्रदेश कांग्रेस का राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ यह पहला बड़ा आंदोलन माना जा रहा है। पार्टी इस आंदोलन के जरिए सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के साथ आगामी चुनावों को लेकर अपनी सक्रियता भी दिखाना चाहती है।

प्रशासन ने भी की तैयारी

इधर जिला और पुलिस प्रशासन ने भी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेताओं को विधानसभा पहुंचने से पहले ही रोकने की तैयारी की गई है। इसके लिए शंकर नगर से मरीन ड्राइव के बीच बैरिकेडिंग की जा रही है और बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

फर्जी फर्म बनाकर 12.5 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

फर्जी फर्म बनाकर जारी किए जा रहे थे बिल

रायपुर/नवप्रदेश। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के महानिदेशालय (डीजीजीआई) की रायपुर जोनल यूनिट ने टैक्स चोरी के एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। मामले में लगभग एक साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी अमन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रायपुर के कबीरनगर का निवासी है और उस पर करीब 12.5 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का आरोप है।

डीजीजीआई की जांच में सामने आया कि अमन सिंह ने 'हिंदुस्तान कॉर्पोरेशन' नाम से एक फर्जी फर्म बनाई थी। जांच के दौरान जब विभागीय टीम ने फर्म के घोषित व्यावसायिक पते का सत्यापन किया तो वहां किसी भी प्रकार की गतिविधि या कार्यालय का अस्तित्व नहीं मिला। जांच में पता चला कि यह फर्म केवल कागजों में ही संचालित की जा रही थी। आरोपी द्वारा माल की वास्तविक आपूर्ति किए बिना ही फर्जी इनवॉइस (बिल) जारी किए जाते थे। इस तरीके से उसने न केवल करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी की, बल्कि कई अन्य लाभार्थी फर्मों को गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ भी पहुंचाया। विभाग के अनुमान के अनुसार इस फर्जीवाड़े से सरकारी खजाने को करीब 12.5 करोड़ रुपए का सीधा नुकसान हुआ है। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी करीब एक वर्ष तक फरार रहा और इस दौरान जांच एजेंसी द्वारा जारी किए गए कई समन का भी उसने जानबूझकर पालन नहीं किया। हालांकि तकनीकी जांच, ठोस साक्ष्यों और सक्रिय निगरानी के आधार पर डीजीजीआई की टीम ने आखिरकार उसे पकड़ने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रायपुर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फिलहाल डीजीजीआई की टीम पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है। विभाग का मुख्य फोकस उन अन्य व्यक्तियों और कंपनियों की पहचान करना है, जिन्होंने इस फर्जी आईटीसी नेटवर्क से लाभ उठाया है।

अपराध: नशे में बाइक सवार युवक ने टिकरापारा रोड पर की वारदात, तीन अधिवक्ता घायल, बदमाश मौके से फरार

महिला अधिवक्ताओं से छेड़खानी, विरोध करने पर हमला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के टिकरापारा इलाके में महिला अधिवक्ताओं से छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 14 मार्च की शाम करीब 5 से 5:30 बजे के बीच भगतसिंह चौक पर हुई, जहां नशे में बाइक से घूम रहे एक युवक ने महिला अधिवक्ताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया और बाद में मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार कैलाशपुरी निवासी 29 वर्षीय महिला अधिवक्ता अपनी तीन-चार साथी अधिवक्ताओं के साथ दुपहिया वाहन से घर लौट रही थीं। भगतसिंह चौक पर सभी कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए रुकीं। इसी दौरान एक अधिवक्ता सड़क पार करने लगी, तभी तेज रफ्तार में बाइक से आया एक युवक वहां रुककर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगा।

महिला अधिवक्ताओं ने उसे रोकने और विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बीच-बचाव के लिए पहुंची अन्य महिला अधिवक्ताओं के साथ भी उसने बदसलूकी की और उनका हाथ पकड़कर अभद्र व्यवहार किया। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद कई लोगों ने पूरा घटनाक्रम देखा। पीड़ित पक्ष ने आरोपी की बाइक नंबर के आधार पर टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार आरोपी बाइक पर एक नाबालिग को भी पीछे बैठाकर घूम रहा था। इस घटना में तीन महिला अधिवक्ताओं को चोटें आई हैं।

छेड़खानी रोकने बनी है पिंक पेट्रोल टीम

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने महिलाओं और छात्राओं से छेड़खानी रोकने के लिए शहर में पिंक पेट्रोल टीम का गठन किया है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों डीसीपी जोन में चार-चार महिला-पुरुष कर्मियों की पेट्रोलिंग टीमें सुबह से रात तक गश्त करती हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टिकरापारा में हुई इस घटना की जानकारी पिंक पेट्रोल टीम को दी गई थी या नहीं। वहीं घटना के दूसरे दिन तक पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com